एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ के ज्ञापन क्रमांक 866, दिनांक 27/08/2020 द्वारा प्रकरण बी–1 कैटेगरी का होने के कारण भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा अगस्त, 2015 में प्रकाशित स्टैण्डर्ड टर्म्स ऑफ रिफरेंस (टीओआर) फॉर ईआईए/ईएमपी रिपोर्ट फॉर प्रोजेक्ट्स/एक्टिविटीज रिक्वायरिंग एनवायरमेंट क्लियरेंस अण्डर ईआईए नोटिफिकेशन, 2006 में कॉमन हजार्डस वेस्ट ट्रीटमेंट, स्टोरेज एवं डिस्पोजल फेसेलिटी (टीएसडीएफएस) (Common hazardous waste treatment, storage and disposal facilities (TSDFs)) हेतु वर्णित श्रेणी 7(डी) का स्टैण्डर्ड टीओआर (जैसा कि लागू हो) New Bio Medical Waste Treatment Facility (CBMWTF) के अंतर्गत इंसीनरेशन पायरो

पायरोलाइसिस क्षमता–100 किलोग्राम/घण्टा, ऑटोक्लेव क्षमता – 100 लीटर/बैच एवं श्रेडर क्षमता–100 किलोग्राम/घण्टा हेतु जारी किया गया है।

तदनुसार परियोजना प्रस्तावक को एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ के ज्ञापन दिनांक 03/02/2023 द्वारा प्रस्तुतिकरण हेतु सूचित किया गया।

बैठक का विवरण –

(अ) समिति की [illegible]वीं बैठक दिनांक 08/02/2023:

प्रस्तुतिकरण हेतु श्री … डॉयरेक्टर एवं पर्यावरण सलाहकार के रूप में मेसर्स … इन्वायरोटेक एवं इंजीनियर्स प्रा.लि. की ओर से श्री … उपस्थित हुए। समिति द्वारा मेसर्स प्रस्तुत जानकारी का अवलोकन एवं परीक्षण करने पर निम्न स्थिति पाई गई–

1. जारी टी.ओ.आर. में निम्नानुसार संशोधन चाहा गया है–

Sr. No.	Amendment proposed in	Previously Proposed	After proposed amendment
1.	Location of Plant	Part of Khasra Number 359 (Total 1 Acre), Village Barbaspur, District Korba, Chhattisgarh	Part of Khasra Number 359/2 (Total 1 Acre), Village Barbaspur, District Korba, Chhattisgarh
2.	Type of Incinerator	Induction Plasma Pyrolysis **(Electricity based)** (100 Kg/hr)	"ALFA-THERM" Controlled Air **Oil Fired (LDO)** (100 Kg/hr)
3.	Total Fuel (LDO) requirement	For DG Set (150 KVA) 20 Liters/hr	For DG Set (100 KVA) 15 Liters/hr
		For Incinerator (100 Kg/hr) 2 Liters/hr	For Incinerator (100 Kg/hr) 20 Liters/hr
4.	Electricity Requirement	150 KVA (120 KW)	100 KVA (80 KW)
5.	Capacity of D.G. set	150 KVA	100 KVA
6.	Stack Height of D.G. set	12 meter	4 meter

2. **भूमि संबंधी दस्तावेज –**

- पूर्व में कार्यालय नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा पत्र दिनांक 05/06/2021 के माध्यम से भूमि खसरा क्रमांक 359 में से रकबा 0.405 हेक्टेयर (1 एकड़) भूमि को जैव चिकित्सा अपशिष्ट निपटान के लिए इंसीनरेटर स्थापना हेतु भूमि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला–कोरबा को आवंटन किया गया था। जिसका अनुबंध मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला–कोरबा एवं … बायोमेडिकल …, छत्तीसगढ़ के मध्य किया गया है। यह अनुबंध 30 वर्ष अर्थात् दिनांक 01/10/2020 से दिनांक 30/09/2050 तक की अवधि हेतु वैध है।
- वर्तमान में न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार, जिला–कोरबा के ज्ञापन क्रमांक 1317/वाचक/अति.तह./2022 कोरबा, दिनांक 12/08/2022 द्वारा 359/2 रकबा 29.526 में से रकबा 0.405 हेक्टेयर (1 एकड़) भूमि के सीमांकन हेतु जाँच प्रतिवेदन, पटवारी नक्शा एवं खसरा पंचसाला बी–1 की प्रति प्रस्तुत की गई है।

- समिति का मत है कि आवेदक द्वारा नगर पालिक निगम, कोरबा से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला–कोरबा को आवंटित भूमि संबंधी दस्तावेज तथा भूमि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला–कोरबा से छत्तीसगढ़ प्रशासन को आवंटित भूमि / लीज अनुबंध संबंधी दस्तावेज प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है।

3. लैण्ड यूटिलिटी स्टेटमेंट –

S.No.	Land use	As Per New Layout		As Per Old Layout	
		Area (m^2)	Area (%)	Area (m^2)	Area (%)
1	Incinerator Plant Area	720	17.7	208	5.1
2	Shredder Room and sterilization area	84	2	108	2.6
3	Collection & Segregation area	70	1.7	120	3
4	Yellow Waste Storage Area	42	1	28	0.7
5	Red Waste Storage Area	42	1	28	0.7
6	Other Waste Storage Area	42	1	28	0.7
7	Hazardous Waste Storage room	56	1.4	54	1.3
8	Treated Waste room	42	1	80	2
9	E.T.P.	70	1.7	55	1.3
10	Vehicle wash	86	2.1	66	1.6
11	parking area	54	1.3	165	4
12	Admin Building	140	3.4	69	1.7
13	Green Belt	1454.4	35.6	1,340	33
14	Roads Area and open space area and other area	1,181.5	28.9	1,718	42.3
	Total Area	**4,082**	**100**	**4,082**	**100**

4. ट्रीटमेंट कैपेसिटी –

- **<u>Brief Specifications Of Alfa Therm Controlled Air Oil Fired Incinerator</u>**

S.No.	Specifications	
1	Type of Incinerator	"ALFA-THERM" controlled air Oil Fired Incinerator Model BMW 250
2	Type of Waste	Biomedical Waste
3	Burning Capacity	100 Kg/Hr
4	Auxiliary Fuel	Diesel
5	Type of Burner Operation	Monoblock/Split type fully automatic burners
6	Temperature 1. Primary Chamber 2. Secondary Chamber	 800 ± 50°C 1050 ± 50°C
	Primary Chamber	
1	Type	Static Solid Hearth
2	Material of Construction	Mild Steel, 12-16 mm thick
3	Refractory thickness	300 mm thick

4.	Temperature resistance	1400°C
5.	Insulation thickness	115 mm thick
6.	Material	Insulation bricks confirming to IS 2042
7.	Waste Charging	Automatic through Hydraulic Ram Pusher
8.	Ash Removal	Manual
	Secondary Chamber	
1.	Type	Static Furnace connected to primary furnace
2.	Material of Construction	Mild Steel, 10 mm thk
3.	Refractory thickness	115 mm Thk insulation brick and 115 mm x 2 layer of fire brick
4.	Material	Refractory bricks confirming to IS-8
5.	Temperature resistance	1200°C
6.	Insulation thickness	115 mm
7.	Material	Insulation bricks confirming to IS-2042
8.	Residence time for flue gases	2 seconds
Venturi Scrubber-		
1.	Type	High Pressure Drop Type
2.	Material of Thickness	Stainless Steel 316L, 5mm thick
3.	Refractory Thickness	115 mm thick
4.	Material	Refractory bricks confirming to IS-8
5.	Temperature resistance	75-80°C
6.	Scrubbing Media	Water with 5% Caustic
Packed Bed Scrubber-		
1.	MOC	Mild Steel rubber lined
2.	Water re-circulation pump with motor	Provided
3.	Interconnecting piping	PPR
4.	Packing media	Intalox Saddles/Pall rings
5.	Interconnecting ducting	Mild Steel Rubber lined
6.	Scrubbing Media	Water
I.D. Fan-		
1.	Type	High Pressure Centrifugal type
2.	MOC	Stainless Steel impeller and Mild Steel Rubber lined casing
3.	Drive	Belt Driven
Combustion Fan-		
1.	Type	Centrifugal
2.	Modulation	Manual damper control
3.	MOC	Mild Steel / SS316
4.	Drive	Direct drive
Burners-		
1.	No. of burners	As per standard design of incinerator
2.	Type	Monoblock fully automatic
3.	Fuel	Diesel
4.	Make	"Alfa Therm"
Height of chimney 30 m-		
1.	MOC	Mild Steel
2.	Type	Self-supporting
3.	Height	30 m from ground level
4.	Other Standard Accessories	Aviation lamp, lightening arrestor, stack drain, inspection platform, sampling port
5.	Paint	The chimney is painted externally with two

		coats of heat resistant aluminum paint
5	Ladder	To be provided

5. **वायु प्रदूषण नियंत्रण व्यवस्था** — ALFA THERM Controlled Air Oil Fired Incinerator में वायु प्रदूषण नियंत्रण हेतु पोस्ट कोम्बशन चेम्बर, वेन्चुरी स्क्रबर, पैक्ड बेड स्क्रबर, आईडी फैन के साथ एक्टिवेटेड कार्बन इंजेक्शन एवं 30 मीटर ऊंची चिमनी की व्यवस्था किया जाना प्रस्तावित है। डी.जी. सेट में चिमनी की ऊंचाई 4 मीटर रखी। स्वचालित सतत उत्सर्जन निगरानी हेतु यंत्र विस्थापन किया जाना प्रस्तावित है।

6. **वृक्षारोपण की स्थिति** — भूमि में कुल क्षेत्रफल में से लगभग 1,380 वर्गमीटर (लगभग 33.33 प्रतिशत) में 325 नग वृक्षारोपण किया जाना प्रस्तावित किया गया था। वर्तमान में संशोधन उपरांत कुल क्षेत्रफल में से 1,484.5 वर्गमीटर (लगभग 35.8 प्रतिशत) क्षेत्र में वृक्षारोपण किया जाना प्रस्तावित है। प्रस्तुत प्रस्ताव अनुसार 365 पौधों के लिए राशि 73,000 रूपये, खाद के लिए राशि 10,000 रूपये, सिंचाई एवं रख-रखाव आदि के लिए राशि 1,91,000 रूपये, इस प्रकार कुल राशि 2,74,000 रूपये प्रथम वर्ष हेतु एवं कुल राशि 7,28,000 रूपये आगामी पांच वर्षों हेतु पर्यावरण प्रबंधन का विवरण प्रस्तुत किया गया है।

7. प्रस्तुतीकरण के दौरान परियोजना प्रस्तावक द्वारा बताया गया कि परियोजना हेतु पूर्व निर्धारित खसरा क्रमांक 358 एवं वर्तमान में प्रस्तावित नवीन खसरा क्रमांक 356/2 के मध्य की दूरी 375 मीटर है। पूर्व निर्धारित खसरा हेतु बेसलाईन डाटा कलेक्शन का कार्य 16 अक्टूबर, 2020 से 15 जनवरी, 2021 के मध्य किया गया था। अतः परियोजना प्रस्तावक द्वारा उपरोक्त तथ्यों/दूरी के दृष्टिगत उक्त बेसलाईन डाटा को मान्य किये जाने हेतु अनुरोध किया गया है। जिससे समिति सहमत हुई।

8. [illegible] के कारण Induction Plasma Pyrolysis (Electricity based) के स्थान पर "ALFA THERM" Controlled Air Oil Fired (LDO) किया जाना बताया गया है।

समिति द्वारा विचार विमर्श उपरांत सर्वसम्मति से निम्नानुसार निर्णय लिया गया कि कार्यालय नगर पालिक निगम, कोरबा से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला-कोरबा को आवंटित भूमि संबंधी दस्तावेज तथा भूमि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला-कोरबा से परियोजना प्रस्तावक को आवंटित भूमि/लीज अनुबंध संबंधी दस्तावेज प्रस्तुत किये जाने उपरांत आगामी कार्यवाही की जाएगी।

परियोजना प्रस्तावक को तदानुसार सूचित किया जाए।

एजेण्डा आयटम क्रमांक-3. **परियोजना प्रस्तावकों द्वारा प्रेषित वांछित जानकारी/दस्तावेज प्राप्त प्रकरणों में अवलोकन पश्चात् विचार कर पर्यावरणीय स्वीकृति / टीओआर / अन्य आवश्यक निर्णय लिया जाना।**

1. **मेसर्स रामनगर [illegible] माईन एण्ड [illegible] (प्रो.- श्री [illegible] कुमार जायसवाल), ग्राम-रामनगर, तहसील व जिला-सूरजपुर (सचिवालय का नस्ती क्रमांक 2112)**

ऑनलाईन आवेदन – प्रपोजल नम्बर – एसआईए/सीजी/एमआईएन/266946/2022, दिनांक 28/07/2022 द्वारा पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु आवेदन किया गया है।

प्रस्ताव का विवरण – यह पूर्व से संचालित मिट्टी उत्खनन (साधारण खनिज) खदान एवं फिक्स चिमनी ईंट उत्पादन इकाई है। खदान ग्राम–[illegible], तहसील व जिला–सूरजपुर स्थित खसरा क्रमांक 1258/2 एवं 1258/3, कुल क्षेत्रफल – 0.8 हेक्टेयर में है। खदान की अपेक्षित उत्पादन क्षमता – 840.75 घनमीटर (ईंट उत्पादन इकाई 4,51,344 नग) प्रतिवर्ष है।

तदानुसार परियोजना प्रस्तावक को एस.ई.ए.सी. छत्तीसगढ़ के ज्ञापन दिनांक 04/11/2022 द्वारा प्रस्तुतीकरण हेतु सूचित किया गया।

बैठकों का विवरण –

(अ) समिति की 433वीं बैठक दिनांक 17/11/2022:

प्रस्तुतीकरण हेतु श्री [illegible], अधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित हुए। समिति द्वारा नस्ती, प्रस्तुत जानकारी का अवलोकन एवं परीक्षण करने पर निम्न स्थिति पाई गई:–

1. **पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति संबंधी विवरण:–**

   i. पूर्व में मिट्टी उत्खनन खदान खसरा क्रमांक 1258/2 एवं 1258/3, कुल क्षेत्रफल–0.8 हेक्टेयर, क्षमता–840.75 घनमीटर (ईंट उत्पादन क्षमता 4,51,560 नग) प्रतिवर्ष हेतु पर्यावरणीय स्वीकृति जिला स्तरीय पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण, जिला–सूरजपुर द्वारा दिनांक 18/12/2018 को जारी की गई। यह स्वीकृति जारी दिनांक से 3 वर्ष तक की अवधि हेतु जारी की गई।

   ii. परियोजना प्रस्तावक द्वारा पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति के शर्तों के पालन में की गई कार्यवाही की जानकारी प्रस्तुत की गई है। परियोजना प्रस्तावक द्वारा प्रस्तुतीकरण के दौरान बताया गया कि पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति का पालन प्रतिवेदन हेतु एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय, भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, रायपुर में आवेदन दिनांक 15/11/2022 को किया गया है, जो आज दिनांक तक अप्राप्त है। साथ ही पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति का पालन प्रतिवेदन हेतु छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, नवा रायपुर अटल नगर एवं क्षेत्रीय कार्यालय, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, अम्बिकापुर में आवेदन दिनांक 15/11/2022 को किया जाना बताया गया है। अतः समिति का मत है कि जारी पर्यावरणीय स्वीकृति का पालन प्रतिवेदन एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय, भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नवा रायपुर अटल नगर अथवा क्षेत्रीय कार्यालय, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, अम्बिकापुर से प्राप्त कर प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है।

   iii. निर्धारित शर्तानुसार 150 नग वृक्षारोपण किया गया है।

   iv. कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा), जिला–सूरजपुर के ज्ञापन क्रमांक 1805/खनिज/2022 सूरजपुर, दिनांक 22/08/2022 द्वारा जारी प्रमाण पत्र अनुसार विगत वर्षों में किये गये उत्खनन की जानकारी निम्नानुसार है:–

वर्ष	उत्पादन (घनमीटर)	उत्पादन (नग)
2017	545	4,50,000
2018	386	3,20,000
2019	509	4,20,000

ब. कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा), जिला–सुल्तानपुर के ज्ञापन क्रमांक 1808/खनिज/2022 सुल्तानपुर, दिनांक 22/06/2022 द्वारा जारी प्रमाण पत्र अनुसार दिनांक 18/12/2019 से स्वीकृत क्षेत्र [illegible] उत्खनन कार्य पूर्णतः बंद है।

2. **ग्राम पंचायत का अनापत्ति प्रमाण पत्र** – उत्खनन के संबंध में ग्राम पंचायत [illegible] का दिनांक 24/01/2012 का अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया गया है।

3. **उत्खनन योजना** – क्वारी प्लान, इनवायरमेंट मैनेजमेंट प्लान एवं क्वारी क्लोजर प्लान प्रस्तुत किया गया है, जो खनि अधिकारी, जिला–[illegible] के ज्ञापन क्रमांक 808/खनिज/खनि.2/2016, [illegible], [illegible], दिनांक 05/08/2016 द्वारा अनुमोदित है।

4. **500 मीटर की परिधि में स्थित खदान** – कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा), जिला–सुल्तानपुर के ज्ञापन क्रमांक 1808/खनिज/2022 सुल्तानपुर, दिनांक 22/06/2022 के अनुसार आवेदित खदान से 500 मीटर के भीतर अतिरिक्त 1 खदान, क्षेत्रफल 2.4 हेक्टेयर है।

5. **200 मीटर की परिधि में स्थित सार्वजनिक क्षेत्र/संरचनाएं** – कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा), जिला–सुल्तानपुर के ज्ञापन क्रमांक 1808/खनिज/2022 सुल्तानपुर, दिनांक 22/06/2022 द्वारा जारी प्रमाण पत्र अनुसार उक्त खदान से 200 मीटर की परिधि में कोई भी सार्वजनिक क्षेत्र जैसे पुल, पिक लाईन, नहर, बांध, एनीकट, तालाब, स्कूल, अस्पताल, [illegible], [illegible], मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारा, मरघट, ऐतिहासिक स्मारक इत्यादि प्रतिबंधित क्षेत्र स्थित नहीं है।

6. **लीज का विवरण** – लीज की भूमि [illegible] के नाम पर है। लीज अवधि 03 वर्ष अर्थात् दिनांक 18/09/2013 से 17/09/2016 तक थी। तत्पश्चात् लीज अवधि 27 वर्ष अर्थात् दिनांक 18/09/2016 से 17/09/2043 तक निर्धारित की गई है।

7. **भू–स्वामित्व** – खसरा क्रमांक 1299/2 की [illegible] व की [illegible] एवं खसरा क्रमांक 1299/3 की [illegible] व की [illegible] के नाम पर है। उत्खनन हेतु भूमि स्वामियों का सहमति पत्र प्रस्तुत किया गया है।

8. **डिस्ट्रिक्ट सर्वे रिपोर्ट** – वर्ष 2016 की डिस्ट्रिक्ट सर्वे रिपोर्ट (District Survey Report) की प्रति प्रस्तुत की गई है।

9. **वन विभाग का अनापत्ति प्रमाण पत्र** – कार्यालय वनमण्डलाधिकारी, [illegible] वनमण्डल, [illegible] के ज्ञापन क्रमांक/मा.चि./3126 [illegible], दिनांक 06/08/2012 से जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र अनुसार आवेदित क्षेत्र वन क्षेत्र की सीमा से 500 मीटर की दूरी पर है।

10. **महत्वपूर्ण संरचनाओं की दूरी** – निकटतम आबादी ग्राम–[illegible] 600 मीटर, स्कूल ग्राम–[illegible] 2.8 कि.मी. एवं अस्पताल [illegible] 5.5 कि.मी. की दूरी पर स्थित है। राष्ट्रीय राजमार्ग 4.8 कि.मी. एवं राजमार्ग 19.45 कि.मी. दूर है। [illegible] नदी 2.3 कि.मी. दूर है।

11. **पारिस्थितिकीय/जैवविविधता संवेदनशील क्षेत्र** – परियोजना प्रस्तावक द्वारा 10 कि.मी. की परिधि में अन्तर्राज्यीय सीमा, राष्ट्रीय उद्यान, अभयारण्य, केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा घोषित क्रिटिकली पॉल्यूटेड एरिया, पारिस्थितिकीय संवेदनशील क्षेत्र एवं घोषित जैवविविधता क्षेत्र स्थित नहीं होना प्रतिवेदित किया है।

12. **खनन संपदा एवं खनन का विवरण** – जियोलॉजिकल रिजर्व 14,282 घनमीटर, माईनेबल रिजर्व 9,0[illegible] घनमीटर एवं मिनरेबल रिजर्व 8,208 घनमीटर है। वर्तमान में जियोलॉजिकल रिजर्व 12,080 घनमीटर एवं मिनरेबल रिजर्व 8,428 घनमीटर शेष है। सीमा की 1 मीटर चौड़ी सीमा पट्टी (उत्खनन के लिए प्रतिबंधित क्षेत्र) का क्षेत्रफल 338.[illegible] वर्गमीटर है। ओपन कास्ट मैनुअल विधि से उत्खनन किया जाता है। उत्खनन की प्रस्तावित अधिकतम गहराई 2 मीटर है। बेंच की ऊंचाई 1 मीटर एवं चौड़ाई 1 मीटर है। खनन क्षेत्र के भीतर 0.2 हेक्टेयर में ईंट निर्माण हेतु भट्ठा (FCBTK) स्थापित है, जिसकी चिमनी की ऊंचाई 33 मीटर है। जिग-जैग (Zig-Zag) पद्धति प्रतिस्थापित किया जाना प्रस्तावित है। ईंट निर्माण हेतु मिट्टी के साथ 25 प्रतिशत भराई राख का उपयोग किया जाता है। खदान की प्रस्तावित आयु 10 वर्ष है। एक लाख ईंट निर्माण हेतु 12 टन कोयला की आवश्यकता होती है। खदान में वायु प्रदूषण नियंत्रण हेतु जल का छिड़काव किया जाता है। अनुमोदित माइनिंग प्लान अनुसार वर्षवार प्रस्तावित उत्खनन का विवरण निम्नानुसार है:-

वर्ष	प्रस्तावित उत्खनन (घनमीटर)	उत्पादन (नग)	वर्ष	प्रस्तावित उत्खनन (घनमीटर)	उत्पादन (नग)
प्रथम	840.51	4,51,413	षष्ठम	840.75	4,51,544
द्वितीय	840.33	4,51,378	सप्तम	840.75	4,51,544
तृतीय	834.66	4,48,271	अष्टम	840.75	4,51,544
चतुर्थ	840.75	4,51,544	नवम	840.75	4,51,544
पंचम	840.75	4,51,544	दशम	708.88	3,80,547

13. **जल आपूर्ति** – परियोजना हेतु आवश्यक जल की मात्रा 3.44 घनमीटर प्रतिदिन होती है। जल की आपूर्ति बोरवेल के माध्यम से किया जाता है। इस बावत केन्द्रीय भूगर्भ जल प्राधिकरण की अनुमति प्राप्त कर प्रस्तुत किया गया है।

14. **वृक्षारोपण कार्य** – लीज क्षेत्र की सीमा में चारों ओर 1 मीटर की पट्टी में 180 नग वृक्षारोपण किया गया है।

15. **कॉर्पोरेट पर्यावरणीय दायित्व (C.E.R.)** – परियोजना प्रस्तावक द्वारा समिति के समक्ष विवरण में चार्ट अनुसार निम्नानुसार विस्तृत प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है:-

Capital Investment (in Lakh Rupees)	Percentage of Capital Investment to be Spent	Amount Required for CER Activities (in Lakh Rupees)	Amount Proposed & Details for CER Activities (in Lakh Rupees)	
			Particulars	CER Fund Allocation (in Lakh Rupees)
17	2%	0.34	Following activities at Nearby Govt. Primary School, **Village-Adrapara-Ramnagar**	

			Drinking water arrangement with filter & its AMC	
			UV water filter AMC	0.215
			Running Water Arrangement in Toilet	
			Water tank Pipeline & Installation	0.150
			Total	0.365

16. सी.ई.आर. की तहत प्रस्तावित स्कूल के प्राचार्य (Principal) का सहमति पत्र प्रस्तुत किया गया है।

17. परियोजना से भिन्न-भिन्न खदानों से बहुदिशीय प्रवाह उत्पादित होगा, उन खदानों पर निर्धारित जल निकासी की व्यवस्था किये जाने बाबत् शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है।

18. चहुँदिश लीज क्षेत्र के अंदर सघन वृक्षारोपण किये जाने एवं रोपित पौधों का सरवाईवल रेट (Survival rate) 90 प्रतिशत सुनिश्चित किये जाने बाबत् शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है।

19. परियोजना प्रस्तावक द्वारा खनिज निकासी के रास्ते सीमांकन कराकर खदान की सीमा क्षेत्र में नियमानुसार स्तम्भ स्थापित किये जाने बाबत् शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है।

20. आवेदित खदान में निकलने वाली मिट्टी को 2 वर्ष के भीतर भिन्न-भिन्न पद्धति से प्रतिस्थापित किये जाने बाबत् शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है।

21. परियोजना प्रस्तावक द्वारा किसी भी प्रकार का दूषित जल का प्रवाह प्राकृतिक जल स्रोत, तालाब, नदी, नाला में नहीं किये जाने एवं इसके संरक्षण किये जाने बाबत् शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है।

22. परियोजना प्रस्तावक द्वारा इस आशय का शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है कि उनके विरुद्ध इस खदान से संबंधित कोई न्यायालयीन प्रकरण देश के अंतर्गत किसी भी न्यायालय में लंबित नहीं है।

23. परियोजना प्रस्तावक द्वारा इस आशय का नोटरी से सत्यापित शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है कि उनके विरुद्ध भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना का.आ. 804(अ), दिनांक 14/03/2017 के अंतर्गत कोई उल्लंघन का प्रकरण लंबित नहीं है।

समिति द्वारा सम्यक् विचारोपरांत यह निर्णय लिया गया था कि परियोजना प्रस्तावक को पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति के शर्तों के पालन में की गई कार्यवाही की जानकारी भारत सरकार, एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नवा रायपुर अटल नगर से प्राप्त कर प्रस्तुत किये जाने हेतु निर्देशित किया जावे।

तदानुसार एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ के ज्ञापन दिनांक 16/01/2023 के परिपेक्ष्य में परियोजना प्रस्तावक द्वारा जानकारी/दस्तावेज दिनांक 12/01/2023 को प्रस्तुत किया गया है।

(ब) समिति की [illegible] बैठक दिनांक [illegible]/03/2023:

समिति द्वारा नस्ती, प्रस्तुत जानकारी का अवलोकन एवं परीक्षण करने पर निम्न स्थिति पाई गई:-

1. एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ के ज्ञापन क्रमांक 1946, दिनांक 12/01/2023 के माध्यम से एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय, भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नवा रायपुर अटल नगर को पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति की शर्तों के पालन में की गई कार्यवाही की जानकारी हेतु पत्र प्रेषित किया गया है। उत्तर के संबंध में प्रतिवेदन अप्राप्त है।
2. पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति के शर्तों के पालन में की गई कार्यवाही की जानकारी हेतु परियोजना प्रस्तावक द्वारा दिनांक 15/11/2022 के माध्यम से एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय, भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नवा रायपुर अटल नगर एवं क्षेत्रीय अधिकारी, क्षेत्रीय कार्यालय, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल को प्रेषित अनुरोध पत्र की प्रति प्रेषित की गई है। परियोजना प्रस्तावक द्वारा इस आशय का शपथ पत्र प्रस्तुत किया गया है कि पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति का अनुपालन प्रतिवेदन प्राप्त होने पर एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ /एस.ई.आई.ए.ए., छत्तीसगढ़ को प्रेषित किया जाएगा। परियोजना प्रस्तावक द्वारा उक्त के संबंध में सशर्त पर्यावरणीय स्वीकृति जारी किये जाने का अनुरोध किया गया है।
3. डी.एस.आर. एवं क्लस्टरिंग कार्य के मॉनिटरिंग एवं पर्यवेक्षण हेतु त्रि-स्तरीय समिति (कलेक्टर/प्रतिनिधि, ग्राम पंचायत के पदाधिकारी/प्रतिनिधि एवं जिला प्रशासन या छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल के पदाधिकारी/प्रतिनिधि) गठित किया जाना आवश्यक है। साथ ही डी.एस.आर. एवं क्लस्टरिंग का कार्य पूर्ण किये जाने के उपरांत गठित त्रि-स्तरीय समिति से सत्यापित कराया जाना आवश्यक है।
4. माननीय एन.जी.टी., प्रिंसिपल बेंच, नई दिल्ली द्वारा सतेन्द्र पाण्डेय विरुद्ध भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली एवं अन्य (ओरिजिनल एप्लिकेशन नं. 186 ऑफ 2016 एवं अन्य) में दिनांक 13/09/2018 को पारित आदेश में मुख्य रूप से निम्नानुसार निर्देशित किया गया है:-

   a) Providing for EIA, EMP and therefore, Public consultation for all areas from 5 to 25 ha. falling under category B-2 at par with category B-1 by SEAC / SEIAA as well as for cluster situation where ever it is not provided.

   b) If a cluster or an individual lease size exceed 5 ha. EIA / EMP be made applicable in the process of grant of prior environment clearance.

समिति द्वारा विचार विमर्श उपरांत सर्वसम्मति से निम्नानुसार निर्णय लिया गया:-

1. कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा), जिला-सूरजपुर के ज्ञापन क्रमांक 1406/खनिज/2022 सूरजपुर, दिनांक 22/08/2022 के अनुसार आवेदित खदान से 500 मीटर के भीतर स्वीकृत 1 खदान, क्षेत्रफल 2.4 हेक्टेयर है। आवेदित खदान (ग्राम-[illegible]) का क्षेत्रफल 0.9 हेक्टेयर है। इस प्रकार आवेदित खदान (ग्राम-[illegible]) को मिलाकर कुल क्षेत्रफल 3.3 हेक्टेयर है। खदान की सीमा से 500 मीटर की परिधि में स्वीकृत/संचालित खदानों का कुल क्षेत्रफल 5 हेक्टेयर या उससे कम होने के कारण यह खदान बी-2 श्रेणी की पाई गई।

2. समिति द्वारा लिया जाने वाला अभिमत के आलोक में — मेसर्स [illegible] स्टोन माईन एवं [illegible] (प्रो.— श्री [illegible] कुमार [illegible]) को ग्राम—[illegible], तहसील व जिला—[illegible] के खसरा क्रमांक 1259/2 एवं 1259/3 में स्थित [illegible] उत्खनन (गौण खनिज) खदान, कुल क्षेत्रफल—0.8 हेक्टेयर, क्षमता—[illegible] घनमीटर (कुल उत्खनन मात्रा 4,51,344 घनमी.) प्रतिवर्ष हेतु **परिशिष्ट—01** में वर्णित शर्तों के अधीन जारी पर्यावरणीय स्वीकृति दिए जाने की अनुशंसा की गई।

3. पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति के शर्तों के पालन में की गई कार्यवाही की जानकारी भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, [illegible] कार्यालय, [illegible] से प्राप्त कर की एस.ई.आई.ए.ए., छत्तीसगढ़ में अवलोकन हेतु प्रस्तुत करने की शर्त के अधीन पर्यावरणीय स्वीकृति की सशर्त अनुशंसा की जाती है।

राज्य स्तरीय पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण (एस.ई.आई.ए.ए.), छत्तीसगढ़ को तदनुसार सूचित किया जाए।

3. मेसर्स जामुनाही स्टोन माईन (ए–2) (प्रो.– श्री सुरेन्द्र सिंह), ग्राम–जामुनाही, तहसील–जोगी, जिला–सूरजपुर (सचिवालय का नस्ती क्रमांक 2176)

ऑनलाईन आवेदन – प्रपोजल नम्बर – एसआईए/ सीजी/ एमआईएन/ 409811/2022, दिनांक 03/11/2022 द्वारा पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु आवेदन किया गया है।

प्रस्ताव का विवरण – यह प्रस्तावित पत्थर खदान (गौण खनिज) है। यह खदान ग्राम–जामुनाही, तहसील–जोगी, जिला–सूरजपुर स्थित खसरा क्रमांक 62/1, कुल क्षेत्रफल–2.7 हेक्टेयर में प्रस्तावित है। उत्खनन मशीनरी नहीं से किया जाना प्रस्तावित है। खदान की प्रस्तावित पत्थर उत्खनन क्षमता – 34,012 घनमीटर प्रतिवर्ष है।

तदनुसार परियोजना प्रस्तावक को एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ के ज्ञापन दिनांक 09/12/2022 द्वारा प्रस्तुतीकरण हेतु सूचित किया गया।

बैठकों का विवरण –

(अ) समिति की 448वीं बैठक दिनांक 15/12/2022

प्रस्तुतीकरण हेतु श्री सुरेन्द्र सिंह, प्रोपराईटर उपस्थित हुए। समिति द्वारा नस्ती, प्रस्तुत जानकारी का अवलोकन एवं परीक्षण करने पर निम्न स्थिति पाई गई–

1. **पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति संबंधी विवरण**– इस खदान को पूर्व में पर्यावरणीय स्वीकृति जारी नहीं की गई है।
2. **ग्राम पंचायत का अनापत्ति प्रमाण पत्र** – पत्थर उत्खनन के संबंध में ग्राम पंचायत जामुनाही का दिनांक 31/07/2017 का अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया गया है।
3. **वनांचलित/नॉनवनांचलित** – वनमंडलाधिकारी कार्यालय, [illegible] से प्राप्त प्रमाण पत्र अनुसार यह खदान [illegible] वन क्षेत्र से पृथक है।
4. **उत्खनन योजना** – माईनिंग प्लान प्रस्तुत किया गया है, जो उप संचालक (खनिज), जिला–बिलासपुर के ज्ञापन क्र. [illegible]/खनि/पत्थर/उत्खनन प्लान/2022, दिनांक 14/09/2022 द्वारा अनुमोदित है।

5. **500 मीटर की परिधि में स्थित खदान** – कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा), जिला-मुंगेली के ज्ञापन क्रमांक 586/खनि-03/2022 मुंगेली, दिनांक 18/08/2022 के अनुसार आवेदित खदान से 500 मीटर के भीतर स्वीकृत अन्य रेत खदानों की संख्या निरंक है।

6. **200 मीटर की परिधि में स्थित सार्वजनिक क्षेत्र/संरचनाएं** – कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा), जिला-मुंगेली के ज्ञापन क्रमांक 586/खनि-03/2022 मुंगेली, दिनांक 18/08/2022 द्वारा जारी प्रमाण पत्र अनुसार उक्त खदान के 200 मीटर की परिधि में कोई भी सार्वजनिक क्षेत्र जैसे राष्ट्रीय राजमार्ग, राजमार्ग, पुल, बांध, स्कूल, अस्पताल, मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारा, मरघट एवं एनीकट आदि प्रतिबंधित क्षेत्र स्थित नहीं है।

7. **एल.ओ.आई. का विवरण** – एल.ओ.आई. श्री सुरेन्द्र सिंह के नाम पर है, जो कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा), जिला-मुंगेली के ज्ञापन क्रमांक 01/खनि-03/2022 मुंगेली, दिनांक 21/04/2022 द्वारा जारी की गई, जिसकी अवधि 6 माह हेतु वैध थी। समिति का मत है कि एल.ओ.आई. वैधता वृद्धि संबंधी दस्तावेज प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है।

8. **डिस्ट्रिक्ट सर्वे रिपोर्ट** – वर्ष 2019 की डिस्ट्रिक्ट सर्वे रिपोर्ट (District Survey Report) की प्रति प्रस्तुत की गई है।

9. **महत्वपूर्ण संरचनाओं की दूरी** – निकटतम आबादी ग्राम-[illegible] 150 मीटर, स्कूल ग्राम-[illegible] 1.5 कि.मी. एवं अस्पताल [illegible] 5.6 कि.मी. की दूरी पर स्थित है। राष्ट्रीय राजमार्ग 24.4 कि.मी. एवं राजमार्ग 5 कि.मी. दूर है। नहर 750 मीटर, नाला 340 मीटर, तालाब 140 मीटर, पुल 540 मीटर, एनीकट 4.25 कि.मी. एवं खुड़िया बांध 8.7 कि.मी. दूर है।

10. **पारिस्थितिकीय/जैवविविधता संवेदनशील क्षेत्र** – परियोजना प्रस्तावक द्वारा 10 कि.मी. की परिधि में अंतर्राज्यीय सीमा, राष्ट्रीय उद्यान, अभयारण्य, केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा घोषित क्रिटिकली पोल्यूटेड एरिया, पारिस्थितिकीय संवेदनशील क्षेत्र या घोषित जैवविविधता क्षेत्र स्थित नहीं होना प्रतिवेदित किया है।

11. **खनन स्थल पर नदी के पाट की चौड़ाई एवं खदान की नदी तट से दूरी** – आवेदन अनुसार खनन स्थल पर नदी के पाट की चौड़ाई – अधिकतम 98 मीटर, न्यूनतम 42 मीटर तथा खनन स्थल की लंबाई – अधिकतम 1,194 मीटर, न्यूनतम 1,088 मीटर एवं खनन स्थल की चौड़ाई – अधिकतम 41 मीटर, न्यूनतम 23 मीटर दर्शाई गई है। खदान की पूर्वी नदी तट के किनारे से दूरी अधिकतम 44 मीटर, न्यूनतम 4 मीटर एवं पश्चिमी नदी तट के किनारे से दूरी अधिकतम 18 मीटर, न्यूनतम शून्य मीटर है, जबकि इसकी नदी तट से न्यूनतम दूरी 7.5 मीटर अथवा नदी के पाट की चौड़ाई का 10 प्रतिशत होना चाहिए।

12. **खदान स्थल पर रेत की मोटाई** – आवेदन अनुसार स्थल पर रेत की गहराई – 2.19 मीटर तथा रेत खनन की प्रस्तावित गहराई – 1 मीटर दर्शाई गई है। अनुमोदित माईनिंग प्लान अनुसार खदान से माईनेबल रेत की मात्रा – 35,000 घनमीटर है। रेत उत्खनन हेतु प्रस्तावित स्थल पर वास्तव में उपलब्ध रेत परत की मोटाई जानने के लिए, प्रस्तावित स्थल पर 4 गड्ढे (Pits) खोदकर उनकी वास्तविक गहराई का मापन कर, खनिज विभाग से प्रमाणित जानकारी प्रस्तुत की गई है। इसके अनुसार रेत की उपलब्ध औसत गहराई 2.187 मीटर है। रेत की

वास्तविक गहराई हेतु प्रपत्र प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुतीकरण के दौरान परियोजना प्रस्तावक द्वारा बताया गया कि प्रस्तावित क्षेत्र का सर्वेक्षण में बेड रॉक (Bed Rock) के ऊपर अवस्थित रेत की मोटाई 3 मीटर से अधिक है। समिति का मत है कि प्रस्तावित क्षेत्र का सर्वेक्षण में बेड रॉक (Bed Rock) के ऊपर अवस्थित रेत की मोटाई संबंधी जानकारी खनिज विभाग से प्रमाणित करवाकर प्रस्तुत करना आवश्यक है।

13. **खदान क्षेत्र में रेत सतह की लेवलिंग** — रेत उत्खनन हेतु प्रस्तावित क्षेत्र में 25 मीटर गुणा 25 मीटर के ग्रिड बिन्दुओं पर दिनांक 18/04/2022 को रेत सतह के वर्तमान लेवल्स Levels लेकर, उन्हें खनिज विभाग से प्रमाणीकरण उपरांत फोटोग्राफ्स सहित जानकारी/दस्तावेज प्रस्तुत किये गये हैं।

14. **नॉन माइनिंग क्षेत्र** — नदी के पाट की चौड़ाई अधिकतम 80 मीटर, न्यूनतम 40 मीटर है, जबकि खदान नदी तट के किनारे से लगी हुई है। रेत खनन दिशा निर्देश के अनुसार नदी तट से न्यूनतम 7.5 मीटर अथवा नदी के पाट की चौड़ाई का 10 प्रतिशत दूरी तक के क्षेत्र में खनन नहीं किया जा सकता। तदनुसार नदी तट से न्यूनतम 7.5 मीटर अथवा नदी के पाट की चौड़ाई का 10 प्रतिशत दूरी छोड़ते हुए 1,200 वर्गमीटर नॉन माइनिंग क्षेत्र रखा गया है। अतः रेत उत्खनन का कार्य खदान के अंतर्गत 3.56 हेक्टेयर क्षेत्र में किया जाना प्रस्तावित है। उपरोक्त का उल्लेख माइनिंग प्लान में किया गया है।

15. **कॉर्पोरेट पर्यावरणीय दायित्व (C.E.R.)** — परियोजना प्रस्तावक द्वारा सी.ई.आर. (Corporate Environment Responsibility) हेतु समिति के समक्ष विचार के बाद उपरांत निम्नानुसार विस्तृत प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है–

Capital Investment (in Lakh Rupees)	Percentage of Capital Investment to be Spent	Amount for CER Activities (in Lakh Rupees)	Amount Proposed & Details for CER Activities (in Lakh Rupees)	
			Particulars	CER Fund Allocation (in Lakh Rupees)
18.96	2%	0.379	Following activities at nearby, Village-Ghanaghath	
			Plantation with fencing on periphery of village pond area	0.40
			Total	0.40

16. सी.ई.आर. के अंतर्गत तालाब के क्षेत्रफल अनुसार कुल 25 नग पौधों का रोपण किया जा सकता है, वर्तमान में 5 नग पौधे तालाब के किनारे पर हैं। वृक्षारोपण हेतु (आम, जामुन एवं करंज) प्रस्तुत प्रस्ताव अनुसार 20 नग पौधों के लिए राशि 2,000 रुपये, फेंसिंग के लिए राशि 3,000 रुपये, खाद के लिए राशि 1,000 रुपये, सिंचाई तथा रख-रखाव आदि के लिए राशि 16,800 रुपये, इस प्रकार प्रथम वर्ष में कुल राशि 22,800 रुपये तथा आगामी वर्षों में कुल राशि 17,800 रुपये हेतु कार्ययोजना प्लान का विवरण प्रस्तुत किया गया है। परियोजना प्रस्तावक द्वारा ग्रामपंचायत प्रस्ताव (खसरा क्रमांक 64, क्षेत्रफल 1.366 हेक्टेयर) के संबंध में जानकारी प्रस्तुत की गई है।

समिति द्वारा तत्संबंध सर्वसम्मति से निम्नानुसार निर्णय लिया गया कि–

1. एम.ओ.आई. की वैधता वृद्धि संबंधी दस्तावेज प्रस्तुत किया जाए।
2. प्रस्तावित खदान पर वर्तमान में डेड रोक (Dead Rock) के ऊपर अवशेषित रेत की मोटाई संबंधी जानकारी खनिज विभाग से प्रमाणित करवाकर प्रस्तुत किया जाए।

उपरोक्त वांछित जानकारी/दस्तावेज प्राप्त होने पश्चात आगामी कार्यवाही की जाएगी।

तदानुसार एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ के ज्ञापन दिनांक 01/02/2023 के परिपेक्ष्य में परियोजना प्रस्तावक द्वारा दिनांक 06/02/2023 को जानकारी/दस्तावेज प्रस्तुत किया गया।

(4) समिति की [illegible]वीं बैठक दिनांक 09/02/2023:

समिति द्वारा मांगी, प्रस्तुत जानकारी का अवलोकन एवं परीक्षण करने पर निम्न स्थिति पाई गई–

1. परियोजना प्रस्तावक को संचालनालय, भौमिकी तथा खनिकर्म, छत्तीसगढ़ के पृ. ज्ञापन क्रमांक/804/खनि 02/रेत/[Index 7]/न.क्र.28/1966 नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 02/02/2023 द्वारा एम.ओ.आई. जारी की गई है, जिसके अनुसार "पर्यावरण स्वीकृति प्राप्त कर उत्खनन पट्टा प्रदान करने हेतु आशय पत्र को छः माह की अतिरिक्त समयावधि (अर्थात दिनांक 28/03/2023 तक) प्रदान किया जाता है।" का उल्लेख है।
2. परियोजना प्रस्तावक द्वारा प्रस्तावित खदान पर 4 गड्ढे (Pits) खोदकर उसकी वास्तविक गहराई का मापन कर पंचनामा दिनांक 09/02/2023 का प्रस्तुत किया गया है, जिसके अनुसार गड्ढे में पानी आने की वजह से आगे खुदाई नहीं की जा सकी तथा रेत की गहराई 2.5 मीटर होने की संभावना होने का लेख किया गया है।
3. समिति का मत है कि डी.एस.आर. एवं पुनर्भरण अध्ययन कार्य के मॉनिटरिंग एवं पर्यवेक्षण हेतु त्रि-पक्षीय समिति (एसईआईएए/एसईएसी, ग्राम पंचायत के पदाधिकारी/प्रतिनिधि एवं जिला प्रशासन या छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल के पदाधिकारी/प्रतिनिधि) गठित किया जाना आवश्यक है। साथ ही डी.एस.आर. एवं पुनर्भरण का कार्य पूर्ण किए जाने के उपरांत गठित त्रि-पक्षीय समिति से सत्यापित कराया जाना आवश्यक है।
4. रेत उत्खनन मैनुअल विधि से एवं भराई का कार्य लोडर द्वारा कराया जाना प्रस्तावित है। समिति का मत है कि लोडर जैसे यंत्र भारी वाहन की श्रेणी में है। अतः भराई का कार्य मैनुअल विधि से कराई जाये।
5. परियोजना प्रस्तावक द्वारा 1 मीटर की गहराई तक उत्खनन की अनुमति चाही है। अनुमोदित उत्खनन योजना में उत्खनन किए जाने वाले क्षेत्र की वार्षिक रेत पुनर्भरण संबंधी अध्ययन कार्य एवं तत्संबंधी जानकारी का समावेश नहीं किया गया है। [illegible] नदी छोटी नदी है तथा इसमें वर्षाकाल में सामान्यतः 1 मीटर गहराई से अधिक रेत का पुनर्भरण होने की संभावना है।

समिति द्वारा विचार विमर्श उपरांत सर्वसम्मति से निम्नानुसार निर्णय लिया गया–

1. आवेदित खदान (क्षेत्र-अनुमति) का रकबा 2.7 हेक्टेयर है। खदान की सीमा से 500 मीटर की परिधि में स्वीकृत/संचालित खदानों का कुल क्षेत्रफल 5 हेक्टेयर या उससे कम होने के कारण यह खदान बी-2 श्रेणी की मानी गयी।

2. **वृक्षारोपण कार्य** — वृक्षारोपण (नदी तट एवं पहुँच मार्ग पर कुल 740 नग पौधे) हेतु प्रस्तुत प्रस्ताव अनुसार पौधों के लिए राशि 7,400 रूपये, फेंसिंग के लिए राशि 92,500 रूपये, खाद के लिए राशि 37,000 रूपये, सिंचाई तथा रख–रखाव के लिए राशि 1,75,000 रूपये, इस प्रकार कुल राशि 3,11,900 रूपये प्रथम वर्ष में एवं द्वितीय वर्ष कुल राशि 2,12,000 रूपये हेतु पर्यावरण प्रबंध योजना का विवरण प्रस्तुत किया गया है।

3. परियोजना प्रस्तावक रेत खदान क्षेत्र में आगामी 1.5 वर्ष में सिल्टेशन स्टडी अध्ययन (Siltation Study) करायेगा, ताकि रेत के पुनःभरण (Replenishment) बाबत् सही आंकड़े, रेत उत्खनन का नदी, नदीतल, स्थानीय जलस्रोत, जीव एवं सूक्ष्म जीवों पर प्रभाव तथा नदी के पानी की गुणवत्ता पर रेत उत्खनन के प्रभाव की सही जानकारी प्राप्त हो सके।

4. **लीज क्षेत्र की सतह का बेसलाईन डाटा** —

   i. रेत उत्खनन प्रारंभ करने के पूर्व समोच्चरेखानुसार निर्धारित चिह्न बिन्दुओं पर नदी में रेत की सतह के स्तरों (Levels) का सर्वे कर, उसके आंकड़े तत्काल एस.ई.आई.ए.ए., छत्तीसगढ़ को प्रस्तुत किये जावें।

   ii. पोस्ट–मानसून (अक्टूबर/नवम्बर माह में रेत उत्खनन प्रारंभ करने के पूर्व) इन्हीं चिह्न बिन्दुओं से माईनिंग लीज क्षेत्र तथा लीज क्षेत्र के अपस्ट्रीम एवं डाउनस्ट्रीम में 100 मीटर तक तथा उसका लीज के बाहर / नदी तट (दोनों ओर) से 100 मीटर तक के क्षेत्र में नदी सतह के स्तरों (Levels) का सर्वे पूर्व निर्धारित चिह्न बिन्दुओं पर किया जावेगा।

   iii. इसी प्रकार रेत खनन उपरांत मानसून के पूर्व (मई माह के अंतिम सप्ताह/जून के प्रथम सप्ताह) इन्हीं चिह्न बिन्दुओं पर रेत सतह के लेवल्स Levels का मापन किया जाएगा।

   iv. रेत सतह के पूर्व निर्धारित चिह्न बिन्दुओं पर रेत सतह के लेवल्स Levels के मापन का कार्य आगामी 3 वर्ष तक निरंतर किया जाएगा। पोस्ट–मानसून के आंकड़े दिसम्बर 2023, 2024, 2025 एवं प्री–मानसून के आंकड़े जुलाई 2023, 2024, 2025 तक अनिवार्य रूप से एस.ई.आई.ए.ए., छत्तीसगढ़ को प्रस्तुत किए जावेंगे।

5. समिति द्वारा विचार विमर्श उपरांत सर्वसम्मति से मेसर्स जमुनाही सेण्ड माईन्स (टी–2) (प्रो.– श्री सुरेन्द्र सिंह), खसरा क्रमांक 42/1, ग्राम–जमुनाही, तहसील–ओड़गी, जिला–सूरजपुर, कुल लीज क्षेत्रफल 3.7 हेक्टेयर में से नॉन माईनिंग क्षेत्र 12,000 वर्गमीटर क्षेत्र कम करने पर 2.50 हेक्टेयर क्षेत्र के कुल 80 प्रतिशत क्षेत्रफल में ही रेत उत्खनन अधिकतम 1 मीटर की गहराई तक सीमित रखते हुए, कुल 34,010 घनमीटर प्रतिवर्ष रेत उत्खनन हेतु पर्यावरणीय स्वीकृति, जारी दिनांक से 02 वर्ष तक की अवधि हेतु **परिशिष्ट–02** में वर्णित शर्तों के अधीन दिये जाने की अनुशंसा की गई। रेत की खुदाई श्रमिकों द्वारा (Manually) की जाएगी। रिवर बेड (River Bed) में भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। लीज क्षेत्र में स्थित रेत खुदाई गड्ढे (Excavation pits) से अधिकृत वाहनों तक रेत का परिवहन ट्रैक्टर ट्रॉली द्वारा किया जाएगा।

6. सस्टेनेबल सेण्ड माईनिंग मैनेजमेंट गाईडलाईन्स, 2016 (Sustainable Sand Mining Management Guidelines 2016) एवं इन्फोर्समेंट एण्ड मॉनिटरिंग

गाईडलाईन्स फॉर सेण्ड माईनिंग, 2020 (Enforcement & Monitoring Guidelines for Sand Mining) के अनुसार पालन सुनिश्चित किया जाए।

x. इन्फोर्समेंट एवं मॉनिटरिंग गाईडलाईन्स फॉर सेण्ड माईनिंग, 2020 (Enforcement & Monitoring Guidelines for Sand Mining) के तहत 60 प्रतिशत क्षेत्र में उत्खनन कार्य किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

राज्य स्तरीय पर्यावरण समाघात आकलन प्राधिकरण (एस.ई.आई.ए.ए.) छत्तीसगढ़ को तदानुसार सूचित किया जाए।

3. मेसर्स भैंसो डोलोमाईट खदान (प्रो.– श्री संतोष सिंह राजपूत), ग्राम–भैंसो, तहसील–पामगढ़, जिला–जांजगीर–चांपा (प्राधिकरण का नस्ती क्रमांक 1344)

ऑनलाईन आवेदन – पूर्व में प्रपोजल नम्बर – एसआईए/ सीजी/ एमआईएन/ 160604/2020, दिनांक 06/07/2020 द्वारा टी.ओ.आर. हेतु आवेदन किया गया था। वर्तमान में प्रपोजल नम्बर – एसआईए/ सीजी/ एमआईएन/ 75117/2018, दिनांक 26/07/2022 द्वारा पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त करने के लिए फाईनल ई.आई.ए. रिपोर्ट प्रस्तुत की गई है।

प्रकरण का विवरण – यह प्रकरण विस्तार का प्रकरण है। यह पूर्व से संचालित डोलोमाईट (गौण खनिज) खदान है। खदान ग्राम–भैंसो, तहसील–पामगढ़, जिला–जांजगीर–चांपा स्थित खसरा क्रमांक 1652/1, कुल क्षेत्रफल–4.497 हेक्टेयर में है। खदान की प्रस्तावित उत्पादन क्षमता–1,00,000 टन प्रतिवर्ष है।

पूर्व में एस.ई.ए.सी. छत्तीसगढ़ के ज्ञापन क्रमांक 1936, दिनांक 04/02/2021 द्वारा प्रकरण 'बी1' कैटेगरी का होने के कारण भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा अप्रैल, 2015 में प्रकाशित स्टेण्डर्ड टर्म्स ऑफ रिफरेंस (टीओआर) फॉर ई.आई.ए./ई.एम.पी. रिपोर्ट फॉर प्रोजेक्ट्स/एक्टिविटिज रिक्वायरिंग इन्वायरमेंट क्लीयरेंस अण्डर ई.आई.ए. नोटिफिकेशन, 2006 में वर्णित श्रेणी 1(a) का स्टेण्डर्ड टीओआर (पब्लिक सुनवाई सहित) हेतु टी.ओ.आर. जारी किया गया है।

तदानुसार परियोजना प्रस्तावक को एस.ई.ए.सी. छत्तीसगढ़ के ज्ञापन दिनांक 04/11/2022 द्वारा प्रस्तुतिकरण हेतु सूचित किया गया।

बैठकों का विवरण –

(अ) समिति की 433वीं बैठक दिनांक 17/11/2022

प्रस्तुतिकरण हेतु श्री संजय सिसोदिया, अधिकृत प्रतिनिधि एवं पर्यावरण सलाहकार के रूप में मेसर्स [illegible] एण्ड टेक्नोलॉजी प्राईवेट लिमिटेड, नोएडा, उत्तरप्रदेश की ओर से श्री [illegible] उपस्थित एवं सूची अनुसार बैठक में उपस्थित हुए। समिति द्वारा नस्ती, प्रस्तुत जानकारी का अवलोकन एवं परीक्षण करने पर निम्न स्थिति पाई गई–

1. **पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति संबंधी विवरण–**
   i. पूर्व में डोलोमाईट खदान खसरा क्रमांक 1652/1, कुल क्षेत्रफल–4.497 हेक्टेयर, उत्पादन क्षमता–88,266 टन प्रतिवर्ष हेतु जिला स्तरीय पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण, जिला–जांजगीर–चांपा द्वारा पर्यावरणीय स्वीकृति दिनांक 28/01/2017 को जारी की गई।

ii. पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति के शर्तों के पालन में की गई कार्यवाही की जानकारी एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय, भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, [illegible] के पत्र दिनांक 09/08/2022 से प्राप्त कर प्रस्तुत की गई है, जिसके अनुसार कुल [illegible] शर्तों (बिन्दु क्रमांक 5, 6, 7, 8, 13, 15, 16, 22, 26 एवं 27) का अपूर्ण पालन होना बताया गया है।

iii. एक्शन टेकन रिपोर्ट (Action Taken Report) का अवलोकन करने पर परियोजना प्रस्तावक द्वारा अपूर्ण शर्तों के संबंध में निम्नानुसार कार्यवाही किया जाना बताया गया:-

- उत्खनन कार्य प्रारंभ करने के तीन माह के भीतर [illegible] पिट/[illegible] का निर्माण कर लिया जाएगा, जिससे लीज क्षेत्र के बाहर जल का निस्तारीकरण नहीं होगा। उत्खनन के दौरान खदान में उपलब्ध जल को [illegible] संग्रहण एवं वृक्षारोपण में उपयोग किया जाएगा।
- [illegible] हेतु निर्धारित जल का विश्लेषण किया जाएगा।
- परिवेशीय वायु गुणवत्ता मापन एवं परिवेशीय ध्वनि स्तर रिपोर्ट समय-समय पर प्रस्तुत किया जाएगा। परिवेशीय वायु गुणवत्ता उक्त क्षेत्र के निर्धारित मानक स्तर के अन्दर रहे, इस हेतु पर्याप्त व्यवस्था की जाएगी।
- निर्धारित [illegible] एवं गारलेण्ड ड्रेन का निर्माण किया गया है।
- खदान में निकासी कार्य प्रारंभ करने के तीन माह के भीतर [illegible] वृक्षारोपण किया जाएगा।
- कर्मियों के लिए हेल्थ चेकअप [illegible] वर्ष में दो बार आयोजित किया जाएगा एवं हेल्थ चेकअप रिपोर्ट समय-समय पर प्रस्तुत किया जाएगा।
- जारी पर्यावरणीय स्वीकृति का अर्धवार्षिक पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाएगा।

iv. निर्धारित मापदंडानुसार वृक्षारोपण नहीं किया गया है।

v. कार्यालय कलेक्टर (खनि शाखा), जिला-[illegible] के पत्र क्रमांक 2496/[illegible]/2020-21 [illegible], दिनांक 08/10/2020 द्वारा जारी उत्पादन पत्र अनुसार विगत वर्षों में किये गये उत्खनन की जानकारी निम्नानुसार है:-

वर्ष	उत्पादन (टन)
2018-19	1,050
2019-20	400
2020-21 (30/09/2020 तक)	निरंक

vi. समिति का मत है कि विगत वर्षों (जारी पर्यावरणीय स्वीकृति दिनांक से) में किए गए उत्खनन की वास्तविक मात्रा की अद्यतन जानकारी खनिज विभाग से प्रमाणित करवाकर प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है।

2. **ग्राम पंचायत का अनापत्ति प्रमाण पत्र** – उत्खनन एवं क्रशर की स्थापना के संबंध में ग्राम पंचायत सेमरी का दिनांक 15/12/2018 का अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया गया है।

3. **उत्खनन योजना** – मॉडिफाइड माइनिंग प्लान एलांग विथ माइनिंग क्लोजर प्लान एवं इन्वायरमेन्टल मेनेजमेंट प्लान प्रस्तुत किया गया है, जो संयुक्त-संचालक, संचालनालय, भौमिकी तथा खनिकर्म, अटल नगर रायपुर के ज्ञापन क्रमांक 5326/माईनिंग-2/क्यू.पी./एम-184/2019 अटल नगर रायपुर, दिनांक 03/10/2019 द्वारा अनुमोदित है।

4. **500 मीटर की परिधि में स्थित खदान** – कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा), जिला-जांजगीर-चांपा के ज्ञापन क्र. 1083/गौण खनिज/न.क्र./2020-21 जांजगीर, दिनांक 04/07/2020 के अनुसार आवेदित खदान से 500 मीटर के भीतर अतिरिक्त 2 खदानें, क्षेत्रफल 4.827 हेक्टेयर है।

5. **200 मीटर की परिधि में स्थित सार्वजनिक क्षेत्र/संरचनाएं** – कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा), जिला-जांजगीर-चांपा के ज्ञापन क्र. 2487/गौण खनिज/खलि./न.क्र./2020-21 जांजगीर, दिनांक 08/10/2020 द्वारा जारी प्रमाण पत्र अनुसार उक्त खदान से 200 मीटर की परिधि में कोई भी सार्वजनिक क्षेत्र जैसे मंदिर, मस्जिद, तालाब, बांध, एनीकट, रेल लाईन, राष्ट्रीय राजमार्ग, राज्यमार्ग, एनीकट, स्टॉप डेम एवं अन्य आबादी स्थल आदि प्रतिबंधित क्षेत्र स्थित नहीं है।

6. **भूमि एवं लीज का विवरण** – यह शासकीय भूमि है। लीज की स्वीकृति सिंह राजपूत के नाम पर है। लीज डीड 50 वर्ष अर्थात् दिनांक 22/03/2018 से 21/03/2068 तक की अवधि हेतु किया है।

7. **डिस्ट्रिक्ट सर्वे रिपोर्ट** – वर्ष 2019 की डिस्ट्रिक्ट सर्वे रिपोर्ट (District Survey Report) की प्रति प्रस्तुत की गई है।

8. **वन विभाग का अनापत्ति प्रमाण पत्र** – कार्यालय वनमण्डलाधिकारी, जांजगीर-चांपा वनमण्डल, चांपा के ज्ञापन क्रमांक/तक.अधि./2586 चांपा, दिनांक 18/03/2021 से जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र अनुसार आवेदित क्षेत्र वन क्षेत्र की सीमा से 600 मीटर की दूरी पर है।

9. **महत्वपूर्ण संरचनाओं की दूरी** – निकटतम आबादी ग्राम-सेमरी 1.5 कि.मी., स्कूल ग्राम-सेमरी 1.5 कि.मी. एवं अस्पताल पामगढ़ 4.3 कि.मी. की दूरी पर स्थित है। राष्ट्रीय राजमार्ग 700 मीटर एवं राज्यमार्ग 300 मीटर दूर है। लीलागर नदी 8 कि.मी. दूर है।

10. **पारिस्थितिकीय/जैवविविधता संवेदनशील क्षेत्र** – परियोजना प्रस्तावक द्वारा 10 कि.मी. की परिधि में अंतर्राज्यीय सीमा, राष्ट्रीय उद्यान, अभयारण्य, केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा घोषित क्रिटिकली पोल्यूटेड एरिया, पारिस्थितिकीय संवेदनशील क्षेत्र या घोषित जैवविविधता क्षेत्र स्थित नहीं होना प्रतिवेदित किया है।

11. **खनन क्षमता एवं खनन का विवरण** – जियोलॉजिकल रिजर्व 15,73,950 टन, माईनेबल रिजर्व 4,37,520 टन एवं रिकवरेबल रिजर्व 3,93,813 टन है। लीज की 7.5 मीटर चौड़ी सीमा पट्टी (उत्खनन के लिए प्रतिबंधित क्षेत्र) का क्षेत्रफल 2.808 हेक्टेयर है। ओपन कास्ट सेमी-मेकेनाइज्ड विधि से उत्खनन किया जाता है। उत्खनन की प्रस्तावित अधिकतम गहराई 18 मीटर है। लीज क्षेत्र में पानी

क्रमशः

गिट्टी की गहराई 1 मीटर है तथा कुल मात्रा 7,000 घनमीटर है। क्षेत्र की लंबाई 3 मीटर एवं चौड़ाई 4 मीटर है। खदान की समाप्ति आयु 5 वर्ष है। लीज क्षेत्र में क्रशर स्थापित है, जिसकी क्षमता 1,000 घनमीटर है। क्रशर में वायु प्रदूषण नियंत्रण हेतु वॉटर स्प्रिंकलिंग की व्यवस्था प्रस्तावित है। लीज क्षेत्र में ड्रिलिंग एवं कंट्रोल ब्लास्टिंग किया जाता है। खदान में वायु प्रदूषण नियंत्रण हेतु जल का छिड़काव किया जाता है। वर्षवार प्रस्तावित उत्खनन का विवरण निम्नानुसार है:-

वर्ष	प्रस्तावित उत्खनन (टन)
प्रथम	72,660
द्वितीय	1,00,089
तृतीय	1,00,553
चतुर्थ	70,238
पंचम	66,520

12. **जल आपूर्ति** – परियोजना हेतु आवश्यक जल की मात्रा 8 घनमीटर प्रतिदिन होती है। जल की आपूर्ति ग्राम पंचायत द्वारा टैंकर के माध्यम से की जाती है। इस बाबत् ग्राम पंचायत का अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है।

13. **वृक्षारोपण कार्य** – लीज क्षेत्र की सीमा से चारों ओर 7.5 मीटर की पट्टी में वृक्षारोपण किया जाएगा। समिति का मत है कि लीज क्षेत्र के चारों ओर 7.5 मीटर की सीमा पट्टी में प्रथम वर्ष में ही पूर्ण वृक्षारोपण किये जाने तथा आगामी 4 वर्षों में वृक्षारोपण (80 प्रतिशत की जीवित दर से) हेतु पौधे, फेंसिंग, खाद एवं सिंचाई तथा रख-रखाव के लिए 5 वर्षों का वर्षवार एवं मदवार व्यय का विवरण विस्तृत प्रस्ताव सहित प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है।

14. **खदान की 7.5 मीटर की चौड़ी सीमा पट्टी में उत्खनन** – लीज क्षेत्र के चारों ओर 7.5 मीटर की सीमा पट्टी में उत्खनन कार्य नहीं किया गया है।

15. **नॉन माईनिंग क्षेत्र** – लीज क्षेत्र के मध्य से ग्रामीण सड़क गुजरने के कारण सड़क मार्ग के दोनों तरफ कुल 2.4086 हेक्टेयर क्षेत्र को नॉन माईनिंग क्षेत्र रखा गया है, जिसका उल्लेख अनुमोदित माइनिंग प्लान में किया गया है। परियोजना प्रस्तावक द्वारा लीज क्षेत्र के भीतर नॉन माईनिंग क्षेत्र में 6,500 नग वृक्षारोपण किया जाएगा। परियोजना प्रस्तावक द्वारा प्रथम वर्ष में 1,500 नग एवं आगामी 4 वर्षों में 1,250 नग पौधों का वृक्षारोपण हेतु विवरण प्रस्तुत किया गया है। इस संबंध में समिति का मत है कि लीज क्षेत्र के भीतर नॉन माईनिंग क्षेत्र में प्रथम वर्ष में ही पूर्ण वृक्षारोपण किये जाने तथा आगामी 4 वर्षों में वृक्षारोपण (80 प्रतिशत की जीवित दर से) हेतु पौधे, फेंसिंग, खाद एवं सिंचाई तथा रख-रखाव के लिए 5 वर्षों का वर्षवार एवं मदवार व्यय का विवरण विस्तृत प्रस्ताव सहित प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है।

16. **ई.आई.ए. रिपोर्ट का विश्लेषण:-**

i. **जल एवं वायु आदि गुणवत्ता संबंधी जानकारी** – बेसलाईन डाटा 01 मार्च 2021 से 31 मई 2021 के मध्य किया गया है। 10 किलोमीटर के अंतर्गत 10 स्थानों पर परिवेशीय वायु गुणवत्ता मापन, 8 स्थानों पर भू-जल गुणवत्ता मापन, 10 स्थानों पर ध्वनि स्तर मापन, 8 स्थानों पर सतही जल

मुताबिक (सात) 8 स्थानों पर मिट्टी के नमूने एकत्रित कर विश्लेषण किया गया है।

ii. मॉनिटरिंग परिणामों के अनुसार पीएम, एसओ$_2$, एनओ$_2$ का सान्द्रण लेवल:-

Concentration level (μg/m³) of criteria pollutants			
Criteria Pollutants	Minimum (μg/m³)	Maximum (μg/m³)	CPCB Standard (μg/m³)
$PM_{2.5}$	16.30	30.58	60
PM_{10}	28.20	52.53	100
SO_2	3.12	11.24	80
NO_2	5.90	18.54	80

iii. **परियोजना स्थल के आसपास जल स्रोतों की गुणवत्ता**– ई.आई.ए. के Chapter-3 Description of environment में दर्शाये गये टेबल अनुसार कलरयुक्तता, टर्बिडिटी, सल्फेट, क्लोराइड, लेड, आर्सेनिक एवं अन्य रसायनिक तत्वों का सान्द्रण लेवल भारतीय मानक से कम है।

iv. **परिवेशीय ध्वनि स्तर**:-

Noise level - dB (A)			
Equivalent Noise level	Minimum dB (A)	Maximum dB (A)	CPCB Standard dB (A)
Day L_{eq}	38.5	56.5	75
Night L_{eq}	30.5	47.8	70

जो रहवास क्षेत्र के निर्धारित मानक स्तर से कम है।

v. **पी.सी.यू. की गणना**– अतिरिक्त में इस प्रस्तावित परियोजना उपरांत भारी वाहनों / कमर्शियल हैवी वाहनों को शामिल करते हुए ट्रैफिक अध्ययन रिपोर्ट (पी.सी.यू. परिगणना एवं वी/सी अनुपात (V/C ratio) सहित) प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है।

17. लोक सुनवाई दिनांक 26/11/2021 को समय 11:00 बजे स्थान – ग्राम पंचायत मैदा के हाई स्कूल परिसर, "लोकल युवा बैठक", ग्राम-मैदा, तहसील-पामगढ़, जिला-जांजगीर-चांपा में संपन्न हुई। लोक सुनवाई कार्यवाही सदस्य सचिव, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, नवा रायपुर अटल नगर, जिला-रायपुर के पत्र दिनांक 15/02/2022 द्वारा प्रेषित किया गया है।

18. प्रस्तावक द्वारा लोक सुनवाई के दौरान उठाये गये विभिन्न मुद्दों एवं उनके निराकरण की दिशा में किये जाने वाले उपाय के संबंध में बिन्दुवार प्रपत्र अंग्रेजी (tabular form in english) में प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है। समिति का मत है कि जन सामान्य की सुविधानुसार बिन्दुवार प्रपत्र हिन्दी (tabular form in hindi) में भी प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है।

19. **क्लस्टर हेतु कॉमन इन्वायरमेंटल मैनेजमेंट प्लान** – कॉमन इन्वायरमेंटल मैनेजमेंट प्लान एवं कॉमन इन्वायरमेंटल मैनेजमेंट प्लान में परियोजना प्रस्तावक की सहभागिता का विस्तृत प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है। साथ ही उक्त कार्य पूर्ण किये जाने बाबत् शपथ पत्र प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है।

20. **कॉर्पोरेट पर्यावरणीय दायित्व (C.E.R.)** – परियोजना प्रस्तावक द्वारा सी.ई. आर. (Corporate Environment Responsibility) के तहत् ग्राम पंचायत मैदा की 1 से 2 एकड़ भूमि में 1,500 नग पौधरोपण के आधार पर कुल 5 वर्षों में 7,500

पर्ण वृक्षारोपण किये जाने का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है। इस संबंध में समिति का मत है कि सी.ई.आर. (Corporate Environment Responsibility) के तहत प्रथम वर्ष में ही पूर्ण वृक्षारोपण किये जाने तथा आगामी 4 वर्षों में वृक्षारोपण (80 प्रतिशत की जीवित दर से) हेतु पौधे, फेंसिंग, खाद एवं सिंचाई तथा रख-रखाव के लिए 5 वर्षों का पारदर्शक एवं समयबद्ध व्यय का विवरण विस्तृत प्रस्ताव सहित प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है। साथ ही सी.ई.आर. (Corporate Environment Responsibility) के तहत वृक्षारोपण हेतु ग्राम पंचायत का सहमति उपयोग भूमि के खसरा क्रमांक एवं नक्शा का उल्लेख करते हुए जानकारी प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है।

21. परियोजना प्रस्तावक द्वारा इस आशय का शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है कि उनके विरूद्ध इस परियोजना/खदान से संबंधित कोई न्यायालयीन प्रकरण देश के अंतर्गत किसी भी न्यायालय में लंबित नहीं है।

22. परियोजना प्रस्तावक द्वारा इस आशय का शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है कि उनके विरूद्ध भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना का.आ. 804(अ), दिनांक 14/03/2017 के अंतर्गत कोई उल्लंघन का प्रकरण लंबित नहीं है।

23. लीज क्षेत्र में प्रस्ताव के चारों ओर वृक्षारोपण किये जाने, डस्ट संरक्षण हेतु जल छिड़काव किये जाने एवं नाला के चारों ओर 8 मीटर की लाइन स्थापित किये जाने बाबत् अंडरटेकिंग (Undertaking) प्रस्तुत किया गया है।

24. लीज क्षेत्र के भीतर गैर माईनिंग क्षेत्र में वृक्षारोपण किये जाने बाबत् शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है।

समिति द्वारा तत्समय सर्वसम्मति से निम्नानुसार निर्णय लिया गया था:-

1. परियोजना की कुल लागत का ब्रेकअप प्रस्तुत किया जाए।
2. विगत वर्षों (उनकी पर्यावरणीय स्वीकृति दिनांक से) में किये गए उत्खनन की वास्तविक मात्रा की अद्यतन जानकारी खनिज विभाग से प्रमाणित करवाकर प्रस्तुत किया जाए।
3. ऊपरी मिट्टी के रख-रखाव हेतु ऊपरी मिट्टी की प्रबंधन योजना प्रस्तुत किया जाए। साथ ही ऊपरी मिट्टी को लीज क्षेत्र के बाहर चिह्नांकित कर संरक्षित रखे जाने हेतु, मिट्टी का दुरुपयोग न करने, विक्रय न करने एवं अन्य कार्यों में उपयोग नहीं किये जाने एवं इस मिट्टी का उपयोग पुनर्भराव हेतु किये जाने बाबत् शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया जाए।
4. जल की आपूर्ति हेतु ग्राम पंचायत का अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया जाए।
5. लीज क्षेत्र के चारों ओर 7.5 मीटर की हरित पट्टी में प्रथम वर्ष में ही पूर्ण वृक्षारोपण किये जाने तथा आगामी 4 वर्षों में वृक्षारोपण (80 प्रतिशत की जीवित दर से) हेतु पौधे, फेंसिंग, खाद एवं सिंचाई तथा रख-रखाव के लिए 5 वर्षों का पारदर्शक एवं समयबद्ध व्यय का विवरण विस्तृत प्रस्ताव सहित प्रस्तुत किया जाए।
6. लीज क्षेत्र के भीतर गैर माईनिंग क्षेत्र में प्रथम वर्ष में ही पूर्ण वृक्षारोपण किये जाने तथा आगामी 4 वर्षों में वृक्षारोपण (80 प्रतिशत की जीवित दर से) हेतु पौधे, फेंसिंग, खाद एवं सिंचाई तथा रख-रखाव के लिए 5 वर्षों का पारदर्शक एवं समयबद्ध व्यय का विवरण विस्तृत प्रस्ताव सहित प्रस्तुत किया जाए। साथ ही

लीज क्षेत्र के भीतर गैर माईनिंग क्षेत्र में वृक्षारोपण किये जाने बाबत् शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया जाए।

7. परिवहन के पूर्व प्रस्तावित परियोजना उत्पादन भारी वाहनों / कम्पोनेन्ट्स हैवी वाहनों को समाहित करते हुए ट्रैफिक अध्ययन रिपोर्ट (पी.सी.यू., कैपेसिटी एवं वी/सी अनुपात (V/C ratio) सहित) प्रस्तुत किया जाए।

8. परियोजना प्रस्तावक द्वारा लोक सुनवाई के दौरान उठाये गये विभिन्न मुद्दों एवं उनके निराकरण की दिशा में किये जाने वाले उपाय के संबंध में तालिकाबद्ध प्रपत्र अंग्रेजी (tabular form in english) में एवं जन सामान्य की सुविधानुसार तालिकाबद्ध प्रपत्र हिन्दी (tabular form in hindi) में भी प्रस्तुत किया जाए।

9. कॉमन इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट प्लान एवं कॉमन इन्फ्रास्ट्रक्चर मेंटेनेंस प्लान में परियोजना प्रस्तावक की सहभागिता का विस्तृत प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाए। साथ ही उक्त कार्य पूर्ण किये जाने बाबत् शपथ पत्र प्रस्तुत किया जाए।

10. सी.ई.आर. (Corporate Environment Responsibility) के तहत् प्रथम वर्ष में ही पूर्ण वृक्षारोपण किये जाने तथा आगामी 4 वर्षों में वृक्षारोपण (90 प्रतिशत की जीवन दर को) हेतु पौधे, फेंसिंग, खाद एवं सिंचाई तथा रख-रखाव के लिए 5 वर्षों का कार्यक्रम एवं समयबद्ध व्यय का विवरण विस्तृत प्रस्ताव सहित प्रस्तुत किया जाए। साथ ही सी.ई.आर. (Corporate Environment Responsibility) के तहत् वृक्षारोपण हेतु ग्राम पंचायत का सहमति उपयुक्त भूमि के खसरा क्रमांक एवं रकबा का उल्लेख करते हुए जानकारी प्रस्तुत किया जाए।

11. कन्ट्रोल ब्लास्टिंग किये जाने बाबत् शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया जाए।

12. माईनिंग लीज क्षेत्र के अंदर सघन वृक्षारोपण किये जाने एवं रोपित पौधों का उत्तरजीविता दर (Survival rate) का प्रतिशत सुनिश्चित किये जाने बाबत् शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया जाए।

5. समिति द्वारा पूर्व में किये गये सी.ई.आर. के तहत् कार्यों एवं 5 वर्षों तक उसके रख–रखाव हेतु तथा स्कूल में अतिरिक्त ईको लाइब्रेरी निर्माण करने बाबत् शपथ पत्र प्रस्तुत किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

समिति द्वारा तत्समय कार्यवाही के निम्नानुसार निर्णय लिया गया था:–

1. विस्तारित औद्योगिक क्रियाकलाप के पृथक–पृथक इकाई सहित वृक्षारोपण हेतु सर्वेक्षण में लिये गए वृक्षारोपण एवं प्रस्तावित वृक्षारोपण क्षेत्र (कुल क्षेत्रफल का कम से कम 40 प्रतिशत क्षेत्र) को ले–आउट प्लान में दर्शाते हुये के.एम.एल. फाईल सहित प्रस्तुत किया जाए।

2. पूर्व में किये गये वृक्षारोपण का नक्शा, संख्या, रोपण क्षेत्रफल एवं फोटोग्राफ्स सहित जानकारी प्रस्तुत किया जाए।

3. परियोजना प्रस्तावक द्वारा प्रस्तुतिकरण के दौरान बताया गया कि कुल भूमि 121.4 हेक्टेयर (300 एकड़) में से 44.21 हेक्टेयर (109.24 एकड़) क्षेत्र इस परियोजना का भाग नहीं है। केवल 77.19 हेक्टेयर (190.76 एकड़) क्षेत्र इस परियोजना का भाग है, जिसमें से लीज होल्ड का क्षेत्र 2.326 हेक्टेयर के संबंध में शपथ पत्र प्रस्तुत किया जाए।

4. ग्राम पंचायत भुरेठी का अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया जाए।

5. पूर्व में किये गये सी.ई.आर. के तहत् कार्यों एवं 5 वर्षों तक उसके रख–रखाव हेतु तथा स्कूलों में अतिरिक्त ईको लाइब्रेरी निर्माण करने बाबत् शपथ पत्र प्रस्तुत किया जाए।

6. वित्तीय वर्ष 2007–08 से वर्ष 2011–12 तक की अवधि का परियोजना प्रस्तावक द्वारा कम्पनी का ऑडिटेड बैलेंस शीट रिपोर्ट (Annual Report) की प्रति प्रस्तुत की जावे जिससे कि कम्पनी का प्रस्तावित अवधि में टर्नओवर की जानकारी प्राप्त कर नियमानुसार आंकलन निर्धारित किया जा सके।

उपरोक्त समस्त पूर्ण जानकारी / दस्तावेज प्रस्तुत किये जाने पश्चात आगामी कार्यवाही की जाएगी।

तदनुसार एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ के ज्ञापन दिनांक 03/08/2022 के परिपेक्ष्य में परियोजना प्रस्तावक द्वारा जानकारी/दस्तावेज दिनांक 26/08/2022 को प्रस्तुत किया गया है।

(ए) समिति की 432वीं बैठक दिनांक 21/09/2022

समिति द्वारा भलीभांति प्रस्तुत जानकारी का अवलोकन एवं परीक्षण करने पर निम्न स्थिति पाई गई–

1. विस्तारित औद्योगिक क्रियाकलाप के पृथक–पृथक इकाई सहित वृक्षारोपण हेतु सर्वेक्षण में लिये गए वृक्षारोपण एवं प्रस्तावित वृक्षारोपण क्षेत्र (कुल क्षेत्रफल का कम से कम 40 प्रतिशत क्षेत्र) को ले–आउट प्लान में दर्शाते हुये के.एम.एल. फाईल सहित प्रस्तुत किया गया है, जिसके अनुसार विस्तारित औद्योगिक क्रियाकलाप के पृथक–पृथक इकाई परिसर के भीतर कुल भूमि 190.76 एकड़ में स्थित है। वर्ष 2020 में कराये गये सर्वे रिपोर्ट के अनुसार उद्योग परिसर के

वर्तमान कुल क्षेत्रफल के 64.64 एकड़ क्षेत्र में (लगभग 33 प्रतिशत) वृक्षारोपण किया जा चुका है तथा वर्ष 2020-21 से वर्ष 2022-23 तक 3 वर्षों में लगभग 8 एकड़ भूमि में (6 एकड़ स्टील प्लांट एवं 2 एकड़ में गैप फिलिंग) कुल लगभग 10,000 नग वृक्षारोपण का कार्य कराया जा चुका है, जिसके अनुसार कुल भूमि 140.76 एकड़ में से 72.64 एकड़ (37.16 प्रतिशत) क्षेत्र में वृक्षारोपण का कार्य पूर्ण हो चुका है तथा आगामी मानसून वर्ष 2023-24 तक (40 प्रतिशत) क्षेत्र में वृक्षारोपण कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा।

2. पूर्व में किये गये वृक्षारोपण का नाम, संख्या, लोकेशन क्षेत्रफल एवं फोटोग्राफ्स सहित जानकारी प्रस्तुत की गई है, जिसके अनुसार:-

Tree Sapling Location	Number of Plants
2020-21 to 2021-22	
Gate No. 4 & 5 gap filling	800
Near Gate No. 4 garden site	1,000
Gap filling in Plant premises	3,000
Near fly ash site no. 5 & 6 plant boundary site	500
Road side gap filling between Gate No. 1 to coal yard & Gate No. 4 & 5 road side (work in under progress)	1,000
Near rolling mill 4 dispatch yard	250
out side the premises of Maha-abhiyan Program	1,000
2022-23	
Near Gate No. 5	1,200
Near SMS cooling tower plant garden	800

3. परियोजना प्रस्तावक द्वारा कुल सीमित 121.4 हेक्टेयर (300 एकड़) में से 44.21 हेक्टेयर (109.24 एकड़) क्षेत्र इस परियोजना का भाग नहीं है। केवल 77.19 हेक्टेयर (140.76 एकड़) क्षेत्र इस परियोजना का भाग है, जिसमें से कोल वॉशरी का क्षेत्र 2.826 हेक्टेयर के संबंध में शपथ पत्र प्रस्तुत किया गया है। इस संबंध में समिति का मत है कि उक्त तथ्यों के परिप्रेक्ष्य में शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है।

4. परियोजना प्रस्तावक का कथन है कि भूमि अंतर्गत कम्पनी की स्वामित्व ग्राम-सिलतरा की अधिग्रहित भूमि में किया जाना है। इस कारण ग्राम पंचायत सिलतरा का अनापत्ति प्रमाण पत्र पूर्व में ही प्रस्तुत किया जा चुका है। इस संबंध में समिति का मत है कि यह परियोजना ग्राम-भुरसी के अंतर्गत भी आता है। अतः ग्राम पंचायत भुरसी का अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है।

5. उद्योग द्वारा पूर्व में सी.ई.आर. के अंतर्गत 28 लाख रूपये व्यय किये जाने का प्रस्ताव दिया गया था। परन्तु प्रस्तुतिकरण के दौरान कम से कम 3 वर्षों तक एक-समान किये जाने हेतु निर्देशित किया गया था, जिसके लिए उद्योग द्वारा 3 लाख रूपये अतिरिक्त व्यय करने का निर्णय लिया है। साथ ही स्कूलों में अतिरिक्त डेस्क लाइब्रेरी निर्माण हेतु एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए बच्चों में जागरूकता हेतु अतिरिक्त 1 लाख रूपये व्यय किया जायेगा। इस प्रकार सी.ई.आर. के अंतर्गत कुल 33 लाख रूपये व्यय किया जायेगा। अतः सी.ई.आर. (Corporate Environment Responsibility) हेतु निम्नानुसार विस्तृत प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है:-

Capital Investment (in Lakh Rupees)	Percentage of Capital Investment to be Spent	Amount for CER Activities (in Lakh Rupees)	Amount Proposed & Details for CER Activities (in Lakh Rupees)	
			Particulars	CER Fund Allocation (in Lakh Rupees)
1450	2%	29	Following activities at 14 Government Hospitals School & 1 Village Pond	
			Rain Water Harvesting	15.525
			Potable Drinking Water Facility	2.944
			Running Water Facility for Toilets	2.875
			Plantation with fencing	1.897
			Total	**23.241**
			Development of Environmental Library	**4.152**
			Grand Total	**27.393**

सी.ई.आर. के अन्तर्गत कुल 33 लाख रूपये व्यय किये जाने का लेख किया गया है, जबकि वर्तमान में परियोजना प्रस्तावक द्वारा प्रस्तुत सी.ई.आर. के प्रस्ताव में 27.393 लाख रूपये का ही प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है। समिति का मत है कि सी.ई.आर. के तहत कुल 33 लाख रूपये व्यय किये जाने हेतु संशोधित प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है। साथ ही पूर्व में किये गये सी.ई.आर. के तहत कार्यों एवं 5 वर्षों तक उनके रख-रखाव हेतु तथा स्कूलों में अतिरिक्त इको लाईब्रेरी निर्माण करने बाबत् शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है।

ङ. वित्तीय वर्ष 2007-08 से वर्ष 2011-12 तक की अवधि हेतु कम्पनी का आडिटेड बैलेंस शीट रिपोर्ट (Annual Report) की प्रति प्रस्तुत की गई है।

च. समिति द्वारा यह स्पष्ट किया जाता है कि कुल आवेदन में वर्णित क्षेत्र के अतिरिक्त अन्य [illegible] इस क्षेत्र में खनन योग्य नहीं है।

समिति द्वारा तत्समय सर्वसम्मति से निम्नानुसार निर्णय लिया गया था:-

i. कुल एरिया 121.4 हेक्टेयर (300 एकड़) में से 44.21 हेक्टेयर (109.24 एकड़) क्षेत्र इस परियोजना का भाग नहीं है। केवल 77.19 हेक्टेयर (190.76 एकड़) क्षेत्र इस परियोजना का भाग है, जिसमें से [illegible] का क्षेत्र 2.528 हेक्टेयर के संबंध में शपथ पत्र (**Notarized undertaking**) प्रस्तुत किया जाए।

ii. ग्राम पंचायत भूमि का अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया जाए।

iii. सी.ई.आर. के तहत कुल 33 लाख रूपये व्यय किये जाने हेतु संशोधित प्रस्ताव सी.ई.आर. प्रस्तुत किया जाए। साथ ही पूर्व में किये गये सी.ई.आर. के तहत कार्यों एवं 5 वर्षों तक उनके रख-रखाव हेतु तथा स्कूलों में अतिरिक्त इको लाईब्रेरी निर्माण करने बाबत् शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया जाए।

उपरोक्त अथवा पूर्ण जानकारी / दस्तावेज प्रस्तुत किये जाने उपरांत आगामी कार्यवाही की जावेगी।

तदानुसार एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ के ज्ञापन दिनांक 08/11/2022 के परिपेक्ष्य में परियोजना प्रस्तावक द्वारा दिनांक 08/02/2023 को जानकारी/दस्तावेज प्रस्तुत किया गया।

(ई) समिति की 462वीं बैठक दिनांक 08/03/2023:

समिति द्वारा पाया गया कि प्रस्तुत जानकारी का अवलोकन एवं परीक्षण करने पर निम्न स्थिति पाई गई:-

i. परियोजना प्रस्तावक द्वारा बताया गया कि परियोजना प्रस्तावक द्वारा उत्खनन की श्रेणी के अंतर्गत ग्राम-सिलतरा, तहसील व जिला-रायपुर स्थित कुल एरिया 121.4 हेक्टेयर (300 एकड़) में से 2.526 हेक्टेयर में कोल वाशरी क्षमता 0.72 मिलियन टन प्रतिवर्ष के पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त करने हेतु आवेदन किया गया है। कुल एरिया 121.4 हेक्टेयर (300 एकड़) में से 44.21 हेक्टेयर (109.24 एकड़) क्षेत्र इस परियोजना का भाग नहीं है। केवल 77.19 हेक्टेयर (190.76 एकड़) क्षेत्र इस परियोजना का भाग है, जिसमें से कोल वॉशरी का क्षेत्र 2.526 हेक्टेयर के संबंध में शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है। समिति का मत है कि कुल एरिया 121.4 हेक्टेयर (300 एकड़) परियोजना क्षेत्र का खसरावार विवरण को ले-आउट प्लान में दर्शाते हुये के.एम.एल. फाईल सहित प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है।

ii. ग्राम पंचायत सुंदरी का अनापत्ति प्रमाण पत्र के संबंध में परियोजना प्रस्तावक द्वारा बताया गया कि कोलवाशरी की प्रस्तावित ग्राम-सिलतरा में अधिग्रहित भूमि खसरा क्रमांक 30/1, 29/1, 29/2 एवं 28/1 कुल रकबा 2.526 हेक्टेयर में होनी है जो की ग्राम पंचायत सिलतरा के अंतर्गत आता है, जिसका अनापत्ति प्रमाण पत्र पूर्व में ही प्रस्तुत किया गया है। अतः ग्राम पंचायत सुंदरी के अनापत्ति प्रमाण पत्र की आवश्यकता नहीं है।

iii. सी.ई.आर. के तहत कुल 33 लाख रुपये व्यय किये जाने हेतु संशोधित प्रस्ताव सी.ई.आर. प्रस्तुत किया गया है। साथ ही पूर्व में किये गये सी.ई.आर. के समस्त कार्यों एवं 5 वर्षों तक उसकी रख-रखाव हेतु तथा स्कूलों में अतिरिक्त ईको लाईब्रेरी निर्माण करने बाबत् शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है।

iv. कोल वॉशरी की प्रस्तावित अधिग्रहित भूमि पर है। अतः प्लांट एवं मशीनरी का कुल विनियोग 14.5 करोड़ रुपये है। वर्तमान स्थिति के अनुसार परियोजना के कुल विनियोग 14.5 करोड़ रुपये का घटकवार ब्रेक-अप प्रस्तुत किया गया है, जो निम्नानुसार है :-

क्र.	सम्पत्ति	कीमत (करोड़)
1.	भूमि	शून्य
2.	प्लांट एवं मशीनरी	9.5
3.	भवन एवं संरचनाएं	2.4
4.	Misc. fixed assets	2.6
कुल		14.5

- भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली के अधिसूचना (स्टैण्डर्ड ऑपरेटिंग प्रोसिजर) दिनांक 07/07/2021 के अनुसार उल्लंघन के प्रकरणों के लिए अर्थदण्ड की गणना हेतु निम्नानुसार प्रावधान है:—

  Penalty provisions for violation cases and applications:

  Where operation have commenced without EC: 1% of the total project cost incurred up to the date of filing of application along with EIA/EMP report PLUS 0.25% of the total turnover during the period of violation.

  उक्त के संदर्भ में लेख है कि परियोजना प्रस्तावक द्वारा ई.आई.ए./ई.एम.पी. रिपोर्ट के साथ पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु दिनांक 17/02/2021 को किये गये ऑनलाईन आवेदन में परियोजना की कुल लागत 14.50 करोड़ उल्लेखित है।

- पूर्व में समिति की 390वीं बैठक दिनांक 14/09/2021 में स्थापना सम्मति दिनांक 02/06/2007 एवं एन.ओ.सी. (सी.ई.) बोर्ड दिनांक 06/12/2010 के मध्य की अवधि को उल्लंघन में लेते हुए कुल उल्लंघन दिवस 1,264 मान्य किये जाने का निर्णय लिया गया था, जिसमें वित्तीय वर्ष 2007-08, 2008-09, 2009-10 एवं 2010-11 आता है।

  साथ ही परियोजना प्रस्तावक द्वारा प्रस्तुत ऑडिट रिपोर्ट में उल्लेखित टर्न ओवर निम्नानुसार है:—

क्र.	वर्ष	टर्न ओवर (रूपये लाख में)
1.	2007-08	1,02,398.23
2.	2008-09	96,815.42
3.	2009-10	96,288.63
4.	2010-11	97,632.13
कुल टर्न ओवर (उल्लंघन अवधि वर्ष 2007-08 से वर्ष 2010-11)		3,93,136.21

- उक्त अधिसूचना के अनुसार कुल लागत 14.50 करोड़ का 1 प्रतिशत लिये जाने पर 14.50 लाख रूपये तथा कुल टर्न ओवर 3,93,136.21 लाख रूपये का 0.25 प्रतिशत लिये जाने पर 982.84 लाख रूपये होता है।

- इस प्रकार कुल अर्थदण्ड = 14.50 लाख रूपये + 982.84 लाख रूपये = 997.34 लाख रूपये होता है।

  माननीय एन.जी.टी. प्रिंसिपल बेंच, नई दिल्ली के ओ.ए. क्रमांक 606/2018, दिनांक 21/10/2022 के अनुसार "updated action plans be got prepared and executed by the Chief Secretaries of all States/UTs. The recovered compensation may be credited to a separate account under the Chief Secretary and used as per said plans only. This will apply to compensation deposited with the State PCBs/PCCs and also other regulators such as SEIAAs, Water Resource Authorities etc."

समिति का मत है कि उपरोक्तानुसार अर्थदण्ड राशि रूपये = 997.34 लाख रूपये का भुगतान लिया जाना आवश्यक है। साथ ही उक्त राशि को एस.ई.आई.ए.ए., छत्तीसगढ़ में आवश्यक रूप से जमा कराया जाना आवश्यक है। ताकि आदेशानुसार उक्त राशि को मुख्य सचिव के खाता में जमा कराया जा सके।

समिति द्वारा विचार विमर्श उपरांत सर्वसम्मति से निम्नानुसार निर्णय लिया गया:-

1. कुल रकबा 12.14 हेक्टेयर (30 एकड़) परियोजना क्षेत्र का खसरावार विवरण को के-आकार पत्रक में समिति द्वारा केएमएल फाईल सहित प्रस्तुत किया जाए।
2. उपरोक्त में दिये गये विवरण अनुसार कार्पोरेट सामाजिक दायित्व = 997.24 लाख रुपये का प्लान तैयार किया जाए। साथ ही उक्त अनुमोदित प्रति को एस.ई.आई.ए.ए., छत्तीसगढ़ में आवश्यक रूप से जमा कराया जाए।

उपरोक्त वांछित जानकारी/दस्तावेज प्राप्त होने पश्चात आगामी कार्यवाही की जायेगी।

परियोजना प्रस्तावक को तदनुसार सूचित किया जाए।

बैठक धन्यवाद ज्ञापन के साथ संपन्न हुई।

(डॉ. [illegible])
सदस्य सचिव
राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति
छत्तीसगढ़

(डॉ. बी.पी. सोनकर)
अध्यक्ष
राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति
छत्तीसगढ़

परिशिष्ट–एक

मेसर्स रामनगर क्लिन ब्रोक्स अवसी माईन एण्ड मिनरल मिट्टी खनिज खदान (प्रो.– श्री मनोज कुमार जायसवाल) को खसरा क्रमांक 1259/2 एवं 1259/3, ग्राम–रामनगर, तहसील व जिला–सूरजपुर, कुल लीज क्षेत्र 0.8 हेक्टेयर, मिट्टी उत्खनन (ईंट मिट्टी) क्षमता – 848.75 घनमीटर (ईंट उत्पादन इकाई 4,51,544 नग) प्रतिवर्ष हेतु पर्यावरण स्वीकृति में दी जाने वाली शर्तें

1. यदि खदान खनिज विभाग द्वारा अधिसूचित मिट्टी क्लस्टर में है, तो पर्यावरण स्वीकृति मान्य नहीं होगी।
2. उत्खनन क्षेत्र 0.8 हेक्टेयर से अधिक नहीं होगा। इसी प्रकार खदान से अधिकतम मिट्टी उत्खनन (ईंट मिट्टी) क्षमता – 848.75 घनमीटर (ईंट उत्पादन इकाई 4,51,544 नग) प्रतिवर्ष से अधिक नहीं होगा। लीज क्षेत्र की सीमाओं का सीमांकन करवाकर पक्के मुनारे लगवाया जाए।
3. पर्यावरणीय स्वीकृति की वैधता भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन, मंत्रालय द्वारा जारी ई.आई.ए. नोटिफिकेशन, 2006 (यथा संशोधित) के प्रावधानों के तहत रहेगी।
4. भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन, मंत्रालय द्वारा जारी ओ.एम. दिनांक 24/06/2013 के अनुसार किसी निर्मित संरचना से कम से कम 15 मीटर की दूरी छोड़कर उत्खनन क्षेत्र की सीमा सुनिश्चित किया जाए। निजी मिल्कियत से भूमि लगकर उत्खनन क्षेत्र की सीमा कम से कम 15 मीटर दूर सुनिश्चित किया जाए। भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन, मंत्रालय द्वारा जारी ओ.एम. दिनांक 24/06/2013 एवं जारी अधिसूचना दिनांक 22/02/2022 में मिट्टी उत्खनन हेतु निर्धारित गाईड-लाईन का पालन सुनिश्चित किया जाए।
5. उत्खनन की अधिकतम गहराई 2 मीटर से अधिक नहीं होगी। उत्खनन प्रक्रिया भू-जल स्तर से ऊपर अथवा जलस्तर प्रभाव में भी जानकारी एवं उत्खनन प्रक्रिया भू-जल स्तर के नीचे किसी भी परिस्थिति में नहीं किया जाए।
6. खदान से उत्पन्न जल एवं घरेलू दूषित जल (यदि कोई हो), के उपचार की उचित एवं पर्याप्त व्यवस्था किया जाए। औद्योगिक प्रक्रिया एवं खदान से उत्पन्न किसी भी प्रकार के दूषित जल को किसी नदी अथवा सतही जल स्त्रोतों में किसी भी परिस्थिति में निस्सारित नहीं किया जाए, अपितु इसे प्रक्रिया में अथवा वृक्षारोपण हेतु पुनःउपयोग किया जाए। घरेलू दूषित जल के उपचार के लिये सेप्टिक टैंक एवं सोकपीट की व्यवस्था किया जाए एवं किसी नदी अथवा सतही जल स्त्रोतों में किसी भी परिस्थिति में निस्सारित नहीं किया जाए। दूषित जल एवं वर्षाजल का उचित प्रबंधन कर न मिलने देने हेतु भी व्यवस्था की जाए। उपचारित दूषित जल की गुणवत्ता भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन, मंत्रालय द्वारा अधिसूचित मानक अथवा छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा अधिसूचित मानक (जो भी कठोर हो) के अनुसार सुनिश्चित किया जाए।
7. भू-जल के उपयोग हेतु केन्द्रीय भू-जल बोर्ड से उत्खनन आरंभ करने के पूर्व अनुमति प्राप्त किया जाए। (यदि आवश्यक हो)
8. ईंट उत्पादन हेतु स्थापित मिट्टी जिग-जैग सिस्टम आधारित ईंट भट्ठे की स्थापना 2 वर्ष के भीतर किया जाए। यदि जिग-जैग सिस्टम की स्थापना नहीं किये जाने की दशा में पर्यावरणीय स्वीकृति अमान्य होगी। जिग-जैग सिस्टम का डिजाईन, दिशानिर्देश

एवं प्लान फोटोग्राफ्स सहित अर्धवार्षिक रिपोर्ट में समाहित करते हुये प्रस्तुत किया जाए।

9. ईंट भट्ठे की चिमनी से पार्टिकुलेट मैटर उत्सर्जन की मात्रा एवं चिमनी की ऊंचाई भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन, मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना में निर्धारित मानक अनुसार सुनिश्चित किया जाए। खनिज उत्खनन से विभिन्न स्रोतों से उत्पन्न फ्यूजिटिव डस्ट उत्सर्जन का नियंत्रण प्रभावी एवं नियमित रूप से किया जाए। कच्चे मार्ग, पिट, उत्खनन क्षेत्र, भराई एवं अन्य डस्ट उत्सर्जित बिन्दुओं पर जल छिड़काव की व्यवस्था किया जाकर इसका सतत संचालन /अनुरक्षण सुनिश्चित किया जाए।

10. ईंट भट्ठे में केवल स्वीकृत आधुनिक फ्यूल, कोयला, ईंधन लकड़ी और/या कृषि का उपयोग किया जाए। पेट कोक/टायरों/प्लास्टिक/खतरनाक अपशिष्टों का उपयोग किसी भी स्थिति में नहीं किया जाए।

11. खदानों एवं अन्य प्रक्रिया से उत्पन्न वायु प्रदूषण को पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, 1986 एवं वायु (प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) अधिनियम, 1981 के तहत निर्धारित मानकों (जो भी लागू हों) के अनुरूप रखा जाएगा। उत्खनन क्षेत्र में परिवेशीय वायु की गुणवत्ता भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन, मंत्रालय द्वारा अधिसूचित मानकों से अधिक नहीं होनी चाहिए।

12. ईंट निर्माण में ताप विद्युत संयंत्रों से उत्पन्न राख का उपयोग भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन, मंत्रालय द्वारा फ्लाई ऐश के उपयोग हेतु जारी अधिसूचना के प्रावधानों के अनुसार किया जाए। ईंट भट्ठे से उत्पन्न राख का पुनःउपयोग ईंट निर्माण में किया जाए। ठोस अपशिष्ट के रूप में उत्पन्न ईंट के टुकड़ों आदि को भू-भरण एवं रोड के अनुरक्षण हेतु उपयोग किया जाए।

13. फ्लाई ऐश को उड़ने से बचाने के लिए समय-समय पर पानी का छिड़काव किया जाये। साथ ही यह सुनिश्चित किया जाये की फ्लाई ऐश उत्सर्जन आस-पास के क्षेत्रों में वैकल्पिक पर्यावरण को प्रदूषित न करे, जिससे कि आस-पास के रहवासियों पर विपरीत प्रभाव न पड़े।

14. उत्खनन के दौरान खोदी गई ऊपरी मिट्टी (टॉप सॉईल) का उपयोग ईंट निर्माण में उपयुक्त नहीं होने पर उत्खनन हेतु उपयोग में नहीं आने वाली भूमि के पुनः उद्धार हेतु अथवा बाहरी ओवरबर्डेन को स्थिर (स्टेबिलाइज) करने में किया जाए। जहां पर ऊपरी मिट्टी (टॉप सॉईल) को खनन प्रक्रिया के साथ-साथ (कॉनकरेंटली) उपयोग किया जाना संभव न हो, तब इसे पृथक से भण्डारित कर भविष्य में उपयोग हेतु रखा जाए।

15. ओवरबर्डेन एवं अनुपयोगी मिट्टी को उचित प्रकार से सुरक्षित रखा जाए ताकि भण्डारित पदार्थ आस-पास की भूमि पर विपरीत प्रभाव न डाल सकें एवं खनन के पश्चात बने गड्ढों में पुनःभराव (बैक फिलिंग) हेतु भूमि का पुनः उपयोग अथवा अधिक वैज्ञानिक उपयोग सुनिश्चित किया जा सके। भण्डारित ढ़ेर की ऊँचाई 03 मीटर तथा स्लोप 45 डिग्री से अधिक न हो। ओवरबर्डेन ढ़ेर का कटाव रोकने हेतु वैज्ञानिक तरीके से वृक्षारोपण किया जाए।

16. परियोजना प्रस्तावक द्वारा यह सुनिश्चित किया जाए कि खनन प्रक्रिया से उत्पन्न सिल्ट खनन क्षेत्र के आस-पास के रहवासी जल स्त्रोतों में प्रवाहित न हो। इसे रोकने हेतु माईन पीट, खनन क्षेत्र, ईंट भट्ठा क्षेत्र के निर्धारित सीमा /परिधीय ड्रेन की व्यवस्था की जाए।

17. मिट्टी, फ्लाई ऐश एवं ईंट का परिवहन तारपोलिन अथवा अन्य उपयुक्त माध्यम से ढकी हुई वाहन से किया जाए, ताकि मिट्टी अथवा ईंट वाहन से बाहर नहीं गिरे। वाहनों का परिवहन कर रहे वाहनों की क्षमता से अधिक नहीं भरा जाना सुनिश्चित किया जाए।

18. सी.ई.आर. (Corporate Environment Responsibility) हेतु निम्नानुसार प्रस्ताव पर कार्य पर्यावरण प्रबंधन योजना के अंतर्गत किया जाए:-

Capital Investment (in Lakh Rupees)	Percentage of Capital Investment to be Spent	Amount Required for CER Activities (in Lakh Rupees)	Amount Proposed & Details for CER Activities (in Lakh Rupees)		
			Particulars		CER Fund Allocation (in Lakh Rupees)
17	2%	0.34	Following activities at Nearby Govt. Primary School, **Village-Adhapara-Ramnagar**		
			Drinking water arrangement with filter & its AMC		
			UV water filter		0.218
			AMC		
			Running Water Arrangement in Toilet		
			Water tank		0.150
			Pipeline & Installation		
			Total		**0.368**

19. सी.ई.आर. के तहत् निर्धारित कार्यवाही 06 माह में अनिवार्य रूप से पूर्ण किया जाए। सी.ई.आर. की उपरोक्त प्रस्तावित कार्यों के कार्य पूर्ण उपरांत संबंधित स्कूल के प्राचार्य से कार्यपूर्णता प्रतिवेदन प्राप्त कर अर्धवार्षिक रिपोर्ट में समाविष्ट करते हुए प्रस्तुत किया जाए। सी.ई.आर. कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करना आपका उत्तरदायित्व होगा। उल्लंघन अवगत होने पर पर्यावरण स्वीकृति निरस्त की जावेगी।

20. सी.ई.आर. कार्य एवं 1 मीटर की ग्रीन पट्टी में वृक्षारोपण कार्य के मॉनिटरिंग एवं सत्यापन हेतु त्रि-पक्षीय समिति (प्रोपोनेन्ट/प्रतिनिधि, ग्राम पंचायत के पदाधिकारी/प्रतिनिधि एवं जिला प्रशासन या छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल के पदाधिकारी/प्रतिनिधि) गठित किया जाए। साथ ही सी.ई.आर. एवं 1 मीटर की ग्रीन पट्टी में वृक्षारोपण का कार्य पूर्ण किए जाने के उपरांत गठित त्रि-पक्षीय समिति से सत्यापित कराया जाए।

21. जब भी निरीक्षण दल/अधिकारी निरीक्षण हेतु स्थल पर आवें, तब उन्हें खदान/उद्योग/भट्ठा के निरीक्षण के साथ-साथ सी.ई.आर. के तहत् आपके द्वारा कराये गये कार्यों का निरीक्षण भी अनिवार्य रूप से कराना आपकी जिम्मेदारी होगी।

22. परियोजना प्रस्तावक द्वारा उत्खनन हेतु निर्धारित क्षेत्र (चारों तरफ 01 मीटर चौड़ी पट्टी), ग्रीन बेल्ट, ओवरबर्डन तथा आदि में स्थानीय प्रजाति के पौधों/वृक्षों का सघन वृक्षारोपण किया जाए। हरित पट्टी का विकास केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की गाईडलाईन्स के अनुसार किया जाए।

23. प्राथमिकता के आधार पर खदान प्रबंधन द्वारा वर्ष 2023–24 में कम से कम 200 नग पौधे ग्रीन बेल्ट के अनुसार बड़, पीपल, नीम, करंज, सीसू, आम, इमली, अर्जुन, सीता आदि अन्य स्थानीय प्रजातियों के पौधों का रोपण 3 पंक्तियों में खदान के खुले क्षेत्र में किया जाए। रोपण को सुरक्षित रखने के लिये उपयुक्त एवं पर्याप्त व्यवस्था (जैसे कांटेदार तार से बाड़ अथवा ट्री गार्ड का उपयोग) किया जाए। स्थल उपलब्ध नहीं होने की दशा में संबंधित ग्राम पंचायत द्वारा चिन्हांकित क्षेत्र में उपरोक्तानुसार वृक्षारोपण किया जाए। 5 फीट से 8 फीट ऊंचाई वाले पौधों का ही रोपण किया जाए। उपरोक्त वृक्षारोपण प्रथम वर्ष में पूर्ण किया जाए। वृक्षारोपण नहीं करने पर जारी पर्यावरणीय स्वीकृति निरस्त की जा सकती है।

24. रोपित किये जाने वाले पौधों में नामांकन (Numbering) एवं पौधों के नाम का उल्लेख करते हुये फोटोग्राफ्स सहित जानकारी अर्धवार्षिक रिपोर्ट के साथ प्रस्तुत करें।

25. माईनिंग लीज क्षेत्र के अंदर एवं बाहर समस्त वृक्षारोपण किये जाने एवं रोपित पौधों का उत्तरजीविता रेट (Survival rate) 90 प्रतिशत सुनिश्चित किया जाए। साथ ही वृक्षारोपण का रख-रखाव आगामी 5 वर्ष तक सुनिश्चित करते हुये मृत पौधों को प्रतिस्थापित (Mortality replacement) किया जाए।

26. किये गये वृक्षारोपण की पुष्टि हेतु डी.जी.पी.एस. (Differential Global Positioning System) रीडिंग एवं फोटोग्राफ्स अर्धवार्षिक रिपोर्ट में समाहित करते हुये छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल एवं राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आंकलन प्राधिकरण (एस.ई.आई.ए.ए.), छत्तीसगढ़ को प्रेषित किया जाए।

27. परियोजना प्रस्तावक द्वारा 1 मीटर प्रतिबंधित क्षेत्र में उत्खनित कार्य एवं सी.ई.आर. के तहत् प्रस्तावित कार्य करना नहीं पाये जाने पर पर्यावरणीय स्वीकृति को निरस्त करने की कार्यवाही की जाएगी।

28. उत्खनन क्षेत्र में ध्वनि प्रदूषण न हो, यह सुनिश्चित किया जाए।

29. उत्खनन की प्रक्रिया इस प्रकार सुनिश्चित की जाए कि वनस्पतियों एवं जीव-जन्तुओं पर कम से कम दुष्प्रभाव हो।

30. मिट्टी उत्खनन छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम, 2015 के प्रावधानों, अनुमोदित उत्खनन योजना एवं पर्यावरणीय प्रबंधन योजना के अनुसार किया जाए।

31. कार्य स्थल पर यदि बाहरी श्रमिक कार्य पर लगाये जाते हैं तो ऐसे श्रमिकों के आवास की उचित व्यवस्था परियोजना प्रस्तावक द्वारा की जाएगी। आवासीय व्यवस्था अस्थायी संरचनाओं के रूप में हो सकती है, जिसे परियोजना पूर्ण होने के पश्चात हटाया जा सके।

32. श्रमिकों के लिए कार्य स्थल पर समुचित पेयजल, चिकित्सकीय सुविधा, मोबाइल टायलेट आदि की व्यवस्था परियोजना प्रस्तावक द्वारा की जाए।

33. श्रमिकों का समय-समय पर व्यावसायिक स्वास्थ्य परीक्षण कराना आवश्यक है।

34. इस पर्यावरणीय स्वीकृति को जारी करने का आशय किसी व्यक्तिगत अथवा अन्य सम्पत्ति पर अधिकार दर्शाने का नहीं है एवं न ही यह पर्यावरणीय स्वीकृति किसी निजी सम्पत्ति को नुकसान पहुंचाने अथवा व्यक्तिगत अधिकारों के अतिक्रमण अथवा केन्द्र, राज्य एवं स्थानीय कानूनों/नियमों के उल्लंघन हेतु अधिकृत करता है।

35. उत्खनन की तकनीक, कार्य क्षेत्र एवं अनुमोदित उत्खनन योजना के अनुसार वार्षिक योजना, जिसमें विस्तृत उत्खनन सम्मिलित है, में किसी भी प्रकार का परिवर्तन एस.ई.आई.ए.ए., छत्तीसगढ़ / पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार की पूर्व अनुमति के बिना नहीं किया जाए।

36. एस.ई.आई.ए.ए., छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से, परियोजना की स्वीकृति में परिवर्तन अथवा निर्धारित शर्तों के संतोषप्रद रूप से पालन न करने की दशा में किसी भी शर्त में संशोधन/निरस्त करने अथवा नई शर्त जोड़ने अथवा परित्याग/निरस्त्र की कार्यवाही करने और स्पष्ट करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

37. परियोजना प्रस्तावक न्यूनतम दो स्थानीय समाचार पत्रों में, जो कि परियोजना क्षेत्र के आस-पास व्यापक रूप से प्रसारित हों, पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त होने के 07 दिनों के भीतर इस आशय की सूचना प्रकाशित करेगा कि परियोजना को पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त हो गई है एवं पर्यावरणीय स्वीकृति पत्र की प्रतियाँ एस.ई.आई.ए.ए., छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल में अवलोकन हेतु उपलब्ध है। साथ ही इसका अवलोकन वेबसाइट parivesh.nic.in पर भी किया जा सकता है।

38. पर्यावरणीय स्वीकृति में दी गई शर्तों के पालन हेतु की गई कार्यवाही की अर्द्ध वार्षिक रिपोर्ट छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल, अटल नगर, क्षेत्रीय कार्यालय छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल, अम्बिकापुर, एस.ई.आई.ए.ए., छत्तीसगढ़ एवं एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, रायपुर को प्रेषित किया जाए।

39. एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार, रायपुर द्वारा पर्यावरणीय स्वीकृति में प्रदत्त शर्तों के पालन की मॉनिटरिंग की जाएगी। इस हेतु परियोजना प्रस्तावक द्वारा समय-समय पर प्रस्तुत किये गये दस्तावेजों एवं आवेदन का पूर्ण सेट एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार, रायपुर को प्रेषित किया जाए।

40. एस.ई.आई.ए.ए., छत्तीसगढ़, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार/ एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार, रायपुर/केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड/छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल के वैज्ञानिकों/अधिकारियों को शर्तों के अनुपालन के संबंध में की जाने वाली मॉनिटरिंग हेतु पूर्ण सहयोग प्रदान किया जाए। परियोजना प्रस्तावक द्वारा निर्धारित शर्तों का अनुपालन समय नहीं पाए जाने पर पर्यावरणीय स्वीकृति निरस्त की जा सकेगी।

41. परियोजना प्रस्तावक छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल एवं राज्य सरकार द्वारा दी गई शर्तों का अनिवार्य रूप से पालन करेगा। ये शर्तें जल (प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) अधिनियम, 1974, वायु (प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) अधिनियम, 1981, पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 तथा इनके तहत बनाये गये नियमों, परिसंकटमय और अन्य अपशिष्ट (प्रबंध एवं सीमापार संचलन) नियम, 2016 तथा लोक दायित्व बीमा अधिनियम, 1991 (यथा संशोधित) के अधीन निर्धारित की जा सकती है।

42. प्रस्तावित परियोजना के बारे में एस.ई.आई.ए.ए., छत्तीसगढ़ में प्रस्तुत विवरण में कहीं भी विचलन अथवा परिवर्तन होने की दशा में एस.ई.आई.ए.ए., छत्तीसगढ़ को पुन: नवीन जानकारी सहित सूचित किया जाए, ताकि एस.ई.आई.ए.ए., छत्तीसगढ़ इस पर विचार कर शर्तों की उपयुक्तता अथवा नवीन शर्तें निर्दिष्ट करने बाबत

निर्णय ले सकें। खदान में कोई भी विस्तार अथवा उत्पादन एस.ई.आई.ए.ए., छत्तीसगढ़ / पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार की पूर्व अनुमति के बिना नहीं किया जाए।

43. छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल पर्यावरणीय स्वीकृति की प्रति को उनके क्षेत्रीय कार्यालय, जिला–उद्योग एवं व्यापार केन्द्र एवं कलेक्टर/तहसीलदार कार्यालय में दिवस की अवधि के लिये प्रदर्शित करेगा।

44. पर्यावरणीय स्वीकृति के विरूद्ध अपील नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के समक्ष, नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल एक्ट 2010 की धारा 16 में दिये गये प्रावधानों अनुसार, 30 दिन की समय अवधि में की जा सकेगी।

सदस्य सचिव, एस.ई.ए.सी.

अध्यक्ष, एस.ई.ए.सी.

परिशिष्ट–02

मेसर्स अमुनाही सैण्ड माईन्स (ई–2) (प्रो.– श्री सुखेन्द्र सिंह) को खसरा क्रमांक 82/1, कुल क्षेत्रफल–3.7 हेक्टेयर में से 3.56 हेक्टेयर के कुल 60 प्रतिशत क्षेत्रफल में, ग्राम–अमुनाही, तहसील–ओड़गी, जिला–सूरजपुर (छ.ग.) में [illegible] नदी से रेत उत्खनन क्षमता 34,018 घनमीटर प्रतिवर्ष हेतु प्रस्तावित पर्यावरण स्वीकृति में दी जाने वाली शर्तें

1. यह पर्यावरणीय स्वीकृति जारी दिनांक से 05 वर्ष तक की अवधि हेतु वैध है।

2. **गाद अध्ययन (सिल्टेशन स्टडी) रिपोर्ट** — परियोजना प्रस्तावक रेत खदान क्षेत्र में आगामी 1.5 वर्ष में विस्तृत गाद अध्ययन (Siltation Study) करायेगा, ताकि रेत के पुनर्भरण (Replenishment) बाबत सही आंकड़े, रेत उत्खनन का नदी, भौतिक, रसायनिक जलवायवीय, जैव एवं सूक्ष्म जीवों पर प्रभाव तथा नदी के पानी की गुणवत्ता पर रेत उत्खनन के प्रभाव की सही जानकारी प्राप्त हो सके। उक्त गाद अध्ययन (सिल्टेशन स्टडी) रिपोर्ट प्रस्तुत करने के पश्चात् ही आगामी अवधि के लिए पर्यावरणीय स्वीकृति प्रदान करने पर विचार किया जाएगा।

3. यदि खदान खनिज विभाग द्वारा अधिसूचित किसी क्लस्टर में है, अथवा 500 मीटर के भीतर स्वीकृत रेत खदानों का कुल रकबा 4.0 हेक्टेयर से अधिक होता है तो पर्यावरण स्वीकृति मान्य नहीं होगी।

4. उत्खनन क्षेत्र 3.56 हेक्टेयर के कुल 60 प्रतिशत क्षेत्रफल से अधिक नहीं होगा। इसी प्रकार खदान से रेत का अधिकतम उत्खनन 34,018 घनमीटर प्रतिवर्ष से अधिक नहीं होगा।

5. रेत उत्खनन प्रारंभ करने के पूर्व तकनीकीआधार निर्धारित स्थिर बिन्दुओं पर नदी में रेत की सतह के स्तरों (Levels) का सर्वे कर, उसके आंकड़े तत्काल एस.ई.आई.ए.ए. छत्तीसगढ़ को प्रस्तुत किये जावें। पोस्ट–मानसून (अक्टूबर/नवम्बर माह) में रेत उत्खनन प्रारंभ करने के पूर्व इन्हीं स्थिर बिन्दुओं से स्वीकृत लीज क्षेत्र तथा लीज क्षेत्र के अपस्ट्रीम एवं डाउनस्ट्रीम में 100 मीटर तक तथा खदान लीज के बाहर / नदी तट (दोनों ओर) से 100 मीटर तक के क्षेत्र में नदी सतह के स्तरों (Levels) का सर्वे पूर्व निर्धारित स्थिर बिन्दुओं पर किया जावेगा। इसी प्रकार रेत खदान उपरांत मानसून के पूर्व (मई माह के अंतिम सप्ताह/जून के प्रथम सप्ताह) इन्हीं स्थिर बिन्दुओं पर रेत सतह के तत्पश्चात Levels का मापन किया जाएगा। रेत सतह के पूर्व निर्धारित स्थिर बिन्दुओं पर रेत सतह के तत्पश्चात Levels के मापन का कार्य आगामी 3 वर्ष तक निरंतर किया जाएगा। पोस्ट–मानसून के आंकड़े दिसम्बर 2023, 2024, 2025 एवं प्री–मानसून के आंकड़े अगस्त 2023, 2024, 2025 तक अनिवार्य रूप से एस.ई.आई.ए.ए. छत्तीसगढ़ को प्रस्तुत किए जावेंगे।

6. रेत की खुदाई एवं भराई श्रमिकों द्वारा (Manually) की जाएगी। इस प्रयोजन के लिए किसी उत्खनन यंत्र (Machinery) आदि का उपयोग नहीं किया जाएगा। रिवर बेड में भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। लीज क्षेत्र में स्थित रेत खुदाई गड्ढे (Excavation pits) से लोडिंग प्वाईंट तक रेत का परिवहन ट्रैक्टर ट्रॉली द्वारा किया जाएगा।

7. रेत का उत्खनन केवल चिन्हांकित, सीमांकित एवं स्वीकृत क्षेत्र से ही किया जाएगा। रेत उत्खनन की अधिकतम गहराई 1 मीटर अथवा सर्वेक्षण जल स्तर की ऊपरी सतह,

दोनों में से जो कम हो, से अधिक नहीं होगी। रेत का उत्खनन किसी भी परिस्थिति में जल स्तर के नीचे नहीं किया जाएगा। न्यूनतम 2 मीटर मोटाई तक की रेत नदी तल (उसके नीचे) के ऊपर छोड़ा जाना आवश्यक है।

8. रेत उत्खनन नदी तटों से कम से कम 7.5 मीटर अथवा नदी की चौड़ाई के 10 प्रतिशत की दूरी जो भी अधिक हो छोड़कर ही किया जाएगा, ताकि नदी तटों का कटाव न हो। किसी भी पुलिया, क्रासड्रेन, बांध, एनीकट, जल प्रदाय व्यवस्था एवं अन्य स्थायी संरचनाओं से उत्खनन के अपस्ट्रीम में न्यूनतम 500 मीटर तथा डाउनस्ट्रीम में न्यूनतम 250 मीटर सुरक्षित क्षेत्र छोड़ा जाना अनिवार्य है।

9. यह सुनिश्चित किया जाए कि रेत उत्खनन से प्रवाह नदी जल का बेड, टोपोग्राफी एवं जल बहाव के स्वरूप पर कोई विपरीत प्रभाव न पड़े।

10. यह सुनिश्चित किया जाए कि उत्खनन केवल उसी क्षेत्र में किया जाए जिसमें तथा जिसके आस-पास के क्षेत्र पर कोई भी जीव-जन्तु प्रजनन हेतु निर्भर न हो। जन्तुओं के प्रजनन इकाईयों / क्षेत्रों का संरक्षण आवश्यक है, अतः इन क्षेत्रों के आस पास रेत उत्खनन नहीं किया जाए।

11. रेत उत्खनन एवं भराई / परिवहन दिन के समय ही किया जाए। यह कार्य रात्रि के समय नहीं किया जाए।

12. परियोजना प्रस्तावक द्वारा रेत उत्खनन विभिन्न उपकरणों तथा लोडिंग / अनलोडिंग आदि से उत्पन्न होने वाले फ्युजिटिव डस्ट उत्सर्जन के नियंत्रण हेतु उपयुक्त वायु प्रदूषण नियंत्रण व्यवस्थाएं जैसे जल छिड़काव अथवा अन्य उपयुक्त व्यवस्था की जाए। रेत उत्खनन क्षेत्र में परिवेशीय वायु की गुणवत्ता भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जल वायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा अधिसूचित मानकों से अधिक नहीं होनी चाहिए।

13. रेत का परिवहन तारपोलिन अथवा अन्य उपयुक्त माध्यम से ढंके हुए वाहन से किया जाए, ताकि रेत वाहन से बाहर नहीं गिरे। खनिज का परिवहन कर रहे वाहनों को क्षमता से अधिक नहीं भरा जाना सुनिश्चित किया जाए।

14. उत्खनन क्षेत्र में ध्वनि प्रदूषण न हो, यह सुनिश्चित किया जाए।

15. **प्राथमिकता के आधार पर खदान प्रबंधन द्वारा वर्ष 2022-23 में नदीतट के कटाव की रोकथाम हेतु लीज क्षेत्र के अनुसार अर्जुन, जामुन, बड़, पीपल, नीम, करंज, नीबू, आम, इमली, सीसम आदि अन्य स्थानीय प्रजातियों के कुल 750 नग पौधों का रोपण नदी तट पर रोपित किया जाए। रोपण को सुरक्षित रखने के लिये उपयुक्त एवं पर्याप्त व्यवस्था (जैसे कांटेदार तार की बाड़ का उपयोग) किया जाए। 5 फीट से 8 फीट ऊंचाई वाले पौधों का ही रोपण किया जाए। उपरोक्त वृक्षारोपण प्रथम वर्ष में पूर्ण किया जाए। रोपित पौधों की सुरक्षा एवं रख-रखाव आगामी 5 वर्षों तक करने का उत्तरदायित्व लेने संबंधी आशय का शपथ पत्र प्रस्तुत किया जाए। रोपित पौधों की सुरक्षा एवं रख-रखाव आगामी 5 वर्षों तक करने का उत्तरदायित्व परियोजना प्रस्तावक का रहेगा।**

16. रोपित किये जाने वाले पौधों में क्रमांकन (Numbering) एवं पौधे के नाम का उल्लेख करते हुये फोटोग्राफ्स सहित जानकारी अर्धवार्षिक रिपोर्ट के साथ प्रस्तुत करें।

17. वृक्षारोपण का रख-रखाव आगामी 5 वर्षों तक सुनिश्चित करते हुये मृत पौधों को प्रतिस्थापित (Mortality replacement) किया जाए।

18. किये गये वृक्षारोपण की पुष्टि हेतु डी.जी.पी.एस. (Differential Global Positioning System) रीडिंग एवं फोटोग्राफ्स अर्धवार्षिक रिपोर्ट में समाहित करते हुये छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल एवं एस.ई.आई.ए.ए. छत्तीसगढ़ को प्रेषित किया जाए।

19. सी.ई.आर. (Corporate Environment Responsibility) हेतु निम्नानुसार प्रस्ताव पर कार्य पर्यावरण प्रबंधन योजना के अंतर्गत किया जाए:-

Capital Investment (in Lakh Rupees)	Percentage of Capital Investment to be Spent	Amount for CER Activities (in Lakh Rupees)	Amount Proposed & Details for CER Activities (in Lakh Rupees)	
			Particulars	CER Fund Allocation (in Lakh Rupees)
			Following activities at nearby Village-Ghanaghath	
18.95	2%	0.379	Plantation with fencing in periphery of village pond area	0.40
			Total	0.40

20. सी.ई.आर. के तहत निर्धारित कार्ययोजना 06 माह में अनिवार्य रूप से पूर्ण किया जाए। सी.ई.आर. के उपरोक्त प्रस्तावित कार्यों के कार्य पूर्ण पश्चात संबंधित ग्राम पंचायत से कार्यपूर्ण प्रतिवेदन प्राप्त कर अर्धवार्षिक रिपोर्ट में समाहित करते हुये प्रस्तुत किया जाए। सी.ई.आर. कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करना आवेदक का उत्तरदायित्व होगा। वृक्षारोपण असफल होने पर पर्यावरण स्वीकृति निरस्त की जावेगी।

21. सी.ई.आर. के अंतर्गत तालाब की क्षेत्रफल अनुसार कुल 25 नग पौधों का रोपण किया जा सकता है, जबकि वर्तमान में 5 नग पौधे तालाब के किनारे पर हैं। वृक्षारोपण हेतु (आम, जामुन एवं करंज) प्रस्तुत प्रस्ताव अनुसार 20 नग पौधों के लिए राशि 2,000 रूपये, फेंसिंग के लिए राशि 3,000 रूपये, खाद के लिए राशि 1,000 रूपये, सिंचाई तथा रख-रखाव आदि के लिए राशि 16,500 रूपये, इस प्रकार प्रथम वर्ष में कुल राशि 22,500 रूपये तथा आगामी वर्षों में कुल राशि 17,500 रूपये हेतु पंचवर्षीय व्यय का विवरण प्रस्तुत किया गया है। परियोजना प्रस्तावक द्वारा चयनित तालाब (खसरा क्रमांक 44, क्षेत्रफल 1.960 हेक्टेयर) के संबंध में जानकारी प्रस्तुत प्रस्ताव अनुसार कार्य पूर्ण करें।

22. सी.ई.आर. एवं वृक्षारोपण कार्यों के मॉनिटरिंग एवं पर्यवेक्षण हेतु त्रि-पक्षीय कमेटी (प्रोपराइटर/प्रतिनिधि, ग्राम पंचायत के पदाधिकारी/प्रतिनिधि एवं जिला कार्यालय छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल के अधिकारी/प्रतिनिधि) गठित किया

जाए। साथ ही सी.ई.आर. एवं वृक्षारोपण का कार्य पूर्ण किये जाने के उपरांत त्रि-पक्षीय समिति से सत्यापित कराया जाए।

23. जब भी निरीक्षण दल/अधिकारी निरीक्षण हेतु स्थल पर आये, तब उन्हें खदान/उद्योग/स्टाफ के निरीक्षण के साथ-साथ सी.ई.आर. के तहत आपके द्वारा कराये गये कार्यों का निरीक्षण भी अधिकारी दल से कराना आपकी जिम्मेदारी होगी।

24. परियोजना प्रस्तावक द्वारा सी.ई.आर. के तहत् प्रस्तावित कार्य संपन्न नहीं करने जाने पर पर्यावरणीय स्वीकृति को निरस्त करने की कार्यवाही की जाएगी।

25. परियोजना प्रस्तावक संबंधित केन्द्र / राज्य शासन के विभागों, एजेन्सी एवं अन्य संस्थानों से रेत उत्खनन आरंभ करने के पूर्व आवश्यक सभी अनुमतियां प्राप्त करेगा। परियोजना प्रस्तावक द्वारा जल एवं वायु प्रदूषण नियंत्रण तथा पर्यावरण संरक्षण हेतु समय-समय पर केन्द्र/राज्य सरकार, केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड / छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल द्वारा जारी निर्देशों / मार्गदर्शिका का पालन सुनिश्चित किया जाए।

26. छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम, 2015, राज्य शासन द्वारा रेत उत्खनन हेतु जारी अधिसूचना दिनांक 2/1/2006 के प्रावधानों/शर्तों एवं तदनुसार जारी दिशा निर्देशों, अनुमोदित उत्खनन योजना एवं पर्यावरणीय प्रबंधन योजना का पालन सुनिश्चित किया जाए।

27. कार्य स्थल पर यदि श्रमिक अस्थाई रूप से लगाये जाते हैं तो उन श्रमिकों के आवास की उचित व्यवस्था परियोजना प्रस्तावक द्वारा की जाएगी। आवासीय व्यवस्था अस्थायी संरचनाओं के रूप में हो सकती है, जिसे परियोजना पूर्ण होने के पश्चात् हटाया जा सके।

28. श्रमिकों के लिए खनन स्थल पर स्वच्छ पेयजल, चिकित्सकीय सुविधा, मोबाइल टायलेट आदि की व्यवस्था परियोजना प्रस्तावक द्वारा की जाए। साथ ही नदी में मल एवं सीवरेज, अथवा खाद्य सामग्री के रैपर, प्लास्टिक आदि का निस्तारण प्रतिबंधित रहेगा।

29. श्रमिकों का समय-समय पर आक्युपेशनल हेल्थ परीक्षण कराया जावे।

30. उत्खनन की तकनीक, कार्य क्षेत्र एवं अनुमोदित उत्खनन योजना के अनुरूप वार्षिक योजना में किसी भी प्रकार का परिवर्तन एस.ई.आई.ए.ए. छत्तीसगढ़ / भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली की पूर्व अनुमति के बिना नहीं किया जाए।

31. इस पर्यावरणीय स्वीकृति को जारी करने का आशय किसी व्यक्तिगत अथवा अन्य सम्पत्ति पर अधिकार दर्शाने का नहीं है एवं न ही यह पर्यावरणीय स्वीकृति किसी निजी सम्पत्ति को नुकसान पहुँचाने अथवा व्यक्तिगत अधिकारों के अतिक्रमण अथवा केन्द्र, राज्य एवं स्थानीय कानूनों / विनियमों के उल्लंघन हेतु अधिकृत करता है।

32. एस.ई.आई.ए.ए. छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से, परियोजना की आवश्यकता में परिवर्तन अथवा निर्धारित शर्तों के संतोषप्रद रूप से पालन न करने की दशा में किसी भी शर्त में संशोधन/निरस्त करने अथवा नई शर्तें जोड़ने अथवा उत्खनन / निष्पादन के कार्यों को स्थगित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

33. परियोजना प्रस्तावक न्यूनतम 2 स्थानीय समाचार पत्रों में, जो कि परियोजना क्षेत्र के आस-पास व्यापक रूप से प्रसारित हों, पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त होने के 7 दिनों के भीतर इस आशय की सूचना प्रकाशित करेगा कि परियोजना को पर्यावरणीय

स्वीकृति प्रदान की गई है एवं पर्यावरणीय स्वीकृति पत्र की प्रतियाँ अभिलेखार्थ, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल में अवलोकन हेतु उपलब्ध है। साथ ही इसका अवलोकन भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली की वेबसाइट www.envfor.nic.in एवं एस.ई.आई.ए.ए., छत्तीसगढ़ की वेबसाइट www.seiaacg.org पर भी किया जा सकता है।

34. पर्यावरणीय स्वीकृति में दी गई शर्तों के पालन हेतु की गई कार्यवाही की अर्द्ध वार्षिक रिपोर्ट छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल, नवा रायपुर अटल नगर, जिला–रायपुर, क्षेत्रीय कार्यालय, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल, बिलासपुर, एस.ई.आई.ए.ए., छत्तीसगढ़ एवं एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार, रायपुर को प्रेषित किया जाए। एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार, रायपुर द्वारा पर्यावरणीय स्वीकृति में प्रदत्त शर्तों के पालन की मॉनिटरिंग की जाएगी।

35. एस.ई.आई.ए.ए., छत्तीसगढ़, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार/ एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार, रायपुर / केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड/छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल के विशेषज्ञों/अधिकारियों को शर्तों के अनुपालन के संबंध में की जाने वाली मॉनिटरिंग हेतु पूर्ण सहयोग प्रदान किया जाए। परियोजना प्रस्तावक द्वारा निर्धारित शर्तों का अनुपालन करना नहीं पाए जाने पर पर्यावरणीय स्वीकृति निरस्त की जा सकेगी।

36. परियोजना प्रस्तावक छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल एवं राज्य सरकार द्वारा दी गई शर्तों का अनिवार्य रूप से पालन करेगा। ये शर्तें जल (प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) अधिनियम, 1974, वायु (प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) अधिनियम, 1981, पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 तथा इनके तहत बनाये गये नियमों, परिसंकटमय अपशिष्ट (प्रबंधन हथालन एवं सीमापार संचलन) नियम, 2008 (यथा संशोधित) तथा लोक दायित्व बीमा अधिनियम, 1991 (यथा संशोधित) के अधीन निर्धारित की जा सकती है।

37. प्रस्तावित परियोजना के बारे में एस.ई.आई.ए.ए., छत्तीसगढ़ में प्रस्तुत विवरण में कोई भी विचलन अथवा परिवर्तन होने की दशा में एस.ई.आई.ए.ए., छत्तीसगढ़ को पूर्ण नवीन जानकारी सहित सूचित किया जाए, ताकि एस.ई.आई.ए.ए., छत्तीसगढ़ इस पर विचार कर शर्तों की उपयुक्तता अथवा नवीन शर्तें निर्धारित करने बाबत निर्णय ले सके। प्रस्ताव में कोई भी विस्तार अथवा उन्नयन एस.ई.आई.ए.ए., छत्तीसगढ़ / भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली की पूर्व अनुमति के बिना नहीं किया जाए।

38. छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल पर्यावरणीय स्वीकृति की प्रति को उनके क्षेत्रीय कार्यालय, जिला–उद्योग एवं व्यापार केन्द्र एवं कलेक्टर/तहसीलदार कार्यालय में 30 दिवस की अवधि के लिये प्रदर्शित करेगा।

39. पर्यावरणीय स्वीकृति के विरूद्ध अपील नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के समक्ष, नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल एक्ट 2010 की धारा 16 में दिए गए प्रावधानों अनुसार, 30 दिन की समय अवधि में की जा सकती है।

सदस्य सचिव, एस.ई.ए.सी.

अध्यक्ष, एस.ई.ए.सी.

परिशिष्ट–83

मेसर्स मोहभट्ठा डोलोमाइट स्टोन खदान (प्रो.– श्री मोहन लाल अग्रवाल) की खसरा क्रमांक 682, 745, 746/1, 746/2, 747, 752, 753, 754, 758, 760, 940, 953/1, 953/2, 954, 958/2, 960, 932/1, 932/2, 932/3, 937/1, 937/2, 936, 976, 977, 986/2, 936 एवं 931, कुल लीज क्षेत्र 4.97 हेक्टेयर, ग्राम–मोहभट्ठा, तहसील–पथरिया, जिला–मुंगेली में डोलोमाइट (गौण खनिज) उत्खनन कुल क्षमता 94,335 टन प्रतिवर्ष हेतु पर्यावरणीय स्वीकृति में दी जाने वाली शर्तें

1. यह पर्यावरणीय स्वीकृति अधिकतम उत्खनन क्षेत्रफल (लीज क्षेत्र) 4.97 हेक्टेयर अथवा छत्तीसगढ़ शासन, खनिज साधन विभाग द्वारा स्वीकृत लीज क्षेत्र (दोनों में से जो कम हो) हेतु मान्य होगा। इसी प्रकार खदान से डोलोमाइट का अधिकतम उत्खनन कुल क्षमता 94,335 टन प्रतिवर्ष से अधिक नहीं होगा। लीज क्षेत्र की सीमाओं का सीमांकन करवाकर पक्के मुनारे लगवाए जाए।
2. यदि खदान खनिज विभाग द्वारा अधिसूचित किसी क्लस्टर में है, तो पर्यावरणीय स्वीकृति मान्य नहीं होगी।
3. परियोजना प्रस्तावक द्वारा खदान से उत्पन्न जल एवं घरेलू दूषित जल (यदि कोई हो), के उपचार की उचित एवं पर्याप्त व्यवस्था किया जाए।
4. पर्यावरणीय स्वीकृति की वैधता भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन, मंत्रालय द्वारा जारी ई.आई.ए. नोटिफिकेशन, 2006 (यथा संशोधित) के प्रावधानों के तहत् रहेगी।
5. औद्योगिक प्रक्रिया एवं खदान से उत्पन्न किसी भी प्रकार के दूषित जल को किसी नदी अथवा सतही जल स्त्रोतों में किसी भी परिस्थिति में निस्सारित नहीं किया जाए, अपितु इसे प्रक्रिया में अथवा वृक्षारोपण हेतु पुनःउपयोग किया जाए। घरेलू दूषित जल के उपचार के लिए सेप्टिक टैंक एवं सोकपिट की व्यवस्था की जाए एवं जल को किसी नदी अथवा सतही जल स्त्रोतों में किसी भी परिस्थिति में निस्सारित नहीं किया जाए। दूषित जल एवं वर्षाजल का जल आपस में न मिलने देने हेतु भी व्यवस्था की जाए। उपचारित दूषित जल की गुणवत्ता भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन, मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा अधिसूचित मानक अथवा छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा अधिसूचित मानक (जो भी कठोर हो) के अनुरूप सुनिश्चित किया जाए।
6. खनि पट्टा धारक खदान संचालन बंद करने के उपरांत (after ceasing mining operations) खनन क्षेत्र तथा किसी भी अन्य क्षेत्र जो कि उनकी खनन गतिविधियों के कारण प्रभावित (disturbed due to their mining activities) हुए हैं, उनकी री–ग्रासिंग (re-grassing) की जाएगी एवं भूमि का पुनःस्थापन इस स्थिति तक किया जाएगा, जिससे वह चारा, वन्यजीवन, जीवों आदि के उपयोग हेतु उपयुक्त हो। परियोजना प्रस्तावक द्वारा सक्षम प्राधिकारी से अनुमोदित माइन क्लोजर प्लान एक माह के भीतर प्रस्तुत किया जाए।
7. भू–जल के उपयोग (यदि किया जाता हो तो) हेतु केन्द्रीय भू–जल बोर्ड से उत्खनन आरंभ करने के पूर्व अनुमति प्राप्त की जाए।
8. किसी चिमनी / वेंट / प्वाइंट स्रोतों से परिस्थितिक वेष्टन उत्सर्जन की मात्रा 50 मिलीग्राम / सामान्य घनमीटर से कम सुनिश्चित किया जाए। क्रशर, खदान, ट्रांसफर

फ्यूजिटिव (यदि कोई हो) से वायु प्रदूषण नियंत्रण हेतु डस्ट एक्सट्रैक्शन सिस्टम के साथ उच्च दक्षता का बैग फिल्टर स्थापित किया जाए। खनिज उत्खनन गतिविधियों के विभिन्न स्त्रोतों से उत्पन्न फ्यूजिटिव डस्ट उत्सर्जन का नियंत्रण प्रभावी एवं नियमित रूप से किया जाए। पहुँच मार्ग, हैण्ड लोडिंग, लदाई एवं अन्य डस्ट उत्पादित बिन्दुओं तथा ट्रांसफर प्वाइंट पर जल छिड़काव की व्यवस्था की जाकर इसका सतत् संचालन / रखरखाव सुनिश्चित किया जाए। नियत ड्रिलिंग सेल का नियंत्रण सुनिश्चित किया जाए।

9. खदानों, खनन एवं अन्य प्रक्रिया से उत्पन्न वायु प्रदूषण को पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, 1986 एवं वायु (प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) अधिनियम, 1981 के तहत निर्धारित मानकों के अनुरूप रखा जाएगा। उत्खनन क्षेत्र में उत्सर्जित वायु की गुणवत्ता मापन स्थलों के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा अधिसूचित मानकों से अधिक नहीं होनी चाहिए।

10. लीज क्षेत्र के चारों तरफ छोड़ी गई 7.5 मीटर की चौड़ी पट्टी में कोई वेस्ट का ढेर / भण्डारण नहीं किया जाए तथा इस पट्टी में 3 पंक्तियों में वृक्षारोपण किया जाए एवं संरक्षण किया जाए।

11. उत्खनन प्रक्रिया के दौरान हटाई गई ऊपरी मिट्टी (टॉप सॉइल) का उपयोग उत्खनन हेतु उपयोग में न आने वाली भूमि के पुनः उद्धार हेतु अथवा बाहरी ओवरबर्डन को स्थिर (स्टेबिलाइज) करने में किया जाए। ऊपरी मिट्टी (टॉप सॉइल) को लीज क्षेत्र के बाहर पृथक से भण्डारित करने की अनुमति नहीं होगी।

12. ओवरबर्डन एवं अनुपयोगी / मिट्टी अथवा खनिज (वेस्ट रॉक) को पृथक से पूर्व से निर्धारित स्थान पर भण्डारित किया जावेगा। इस प्रकार के भण्डारण स्थलों को उचित प्रकार से सुरक्षित रखे जाए ताकि भण्डारित पदार्थ आस-पास की भूमि पर विपरीत प्रभाव न डाल सकें। ढेर की ऊंचाई 3 मीटर तथा ढलान 28 डिग्री से अधिक न हो। ओवरबर्डन डम्प का क्षरण रोकने हेतु वैज्ञानिक तरीके से वृक्षारोपण किया जाए।

13. जहाँ तक संभव हो ओवरबर्डन एवं अन्य अनुपयोगी / मिट्टी अथवा खनिज (वेस्ट रॉक) को खनन के पश्चात बने गड्ढों में पुनर्भरण (बैक फिलिंग) हेतु उपयोग किया जाए, ताकि भूमि का मूल उपयोग अथवा उचित वैकल्पिक उपयोग सुनिश्चित किया जा सके।

14. परियोजना प्रस्तावक द्वारा यह सुनिश्चित किया जाए कि खनन प्रक्रिया से उत्पन्न सिल्ट लीज क्षेत्र के आस-पास के प्राकृतिक जल स्त्रोतों में प्रवाहित न हो। इसे रोकने हेतु गारलैण्ड ड्रेन तथा खनन क्षेत्र में सिल्टेशन पॉन्ड / चेकडैम की व्यवस्था आवश्यक रूप से की जाए।

15. खनिज का परिवहन मैकेनिकली कवर्ड वाहन से किया जाए, ताकि खनिज वाहन से बाहर नहीं गिरे। खनिज का परिवहन वाहन की भार क्षमता से अधिक नहीं करना सुनिश्चित किया जाए।

16. सी.ई.आर. (Corporate Environment Responsibility) हेतु निम्नानुसार प्रस्ताव पर कार्य पर्यावरण प्रबंधन योजना के अंतर्गत किया जाए:-

Capital Investment (in Lakh Rupees)	Percentage of Capital Investment to be Spent	Amount for CER Activities (in Lakh Rupees)	Amount Proposed & Details for CER Activities (in Lakh Rupees)	
			Particulars	CER Fund Allocation (in Lakh

				Rupees)
124.5	2%	2.49	Following activities of Village-Mohbhatta	
			Plantation with fencing around TALAB & 5 year AMC	2.748
			Total	2.748

17. सी.ई.आर. के तहत् निर्धारित कार्यवाही छः माह में अनिवार्य रूप से पूर्ण किया जाए। सी.ई.आर. के उपरोक्त प्रस्तावित कार्यों के कार्य पूर्ण उपरांत संबंधित ग्राम पंचायत से कार्यपूर्ण प्रतिवेदन प्राप्त कर अर्धवार्षिक रिपोर्ट में सम्मिलित करते हुये प्रस्तुत किया जाए। सी.ई.आर. कार्य की सफलता सुनिश्चित करना आपका उत्तरदायित्व होगा। वृक्षारोपण असफल होने पर पर्यावरण स्वीकृति निरस्त की जावेगी।

18. सी.ई.आर. के अंतर्गत तालाब के चारों तरफ उपयुक्त वृक्षारोपण हेतु प्रस्तुत प्रस्ताव अनुसार 47 नग पौधों के लिए राशि 4,400 रूपये, फेंसिंग के लिए राशि 8,400 रूपये, खाद के लिए राशि 1,175 रूपये, सिंचाई के लिए राशि 20,000 रूपये तथा रख-रखाव आदि के लिए राशि 20,000 रूपये, इस प्रकार प्रथम वर्ष में कुल राशि 69,975 रूपये तथा आगामी 4 वर्ष में कुल राशि 2,04,825 रूपये हेतु चरणबद्ध व्यय का विवरण अनुसार कार्य पूर्ण करें।

19. सी.ई.आर. एवं वृक्षारोपण कार्यों के मॉनिटरिंग एवं पर्यवेक्षण हेतु त्रि-स्तरीय समिति (प्रोपोनेन्ट/प्रतिनिधि, ग्राम पंचायत के पदाधिकारी/प्रतिनिधि एवं जिला प्रशासन या छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल के पदाधिकारी/प्रतिनिधि) गठित किया जाए। साथ ही सी.ई.आर. एवं वृक्षारोपण का कार्य पूर्ण किये जाने के उपरांत गठित त्रि-स्तरीय समिति से सत्यापित कराया जाए।

20. जब भी निरीक्षण दल/अधिकारी निरीक्षण हेतु स्थल पर आये, तब उन्हें खदान/उद्योग/भट्ठा के निरीक्षण के साथ-साथ सी.ई.आर. के तहत् आपके द्वारा कराये गये कार्यों का निरीक्षण भी अनिवार्य रूप से कराना आपकी जिम्मेदारी होगी।

21. उत्खनन हेतु निषिद्ध क्षेत्र (चारों तरफ 7.5 मीटर चौड़ा क्षेत्र), हॉल रोड, ओवरबर्डन डम्प आदि में स्थानीय प्रजाति के 2,703 वृक्षों का सघन वृक्षारोपण किया जाए। हरित पट्टी का विकास केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की मार्गदर्शिका के अनुसार किया जाए।

22. प्राथमिकता के आधार पर खदान प्रबंधन द्वारा वर्ष 2023-24 में लीज क्षेत्र के अनुसार बड़, पीपल, नीम, करंज, सीसू, आम, इमली, अर्जुन, सीरस आदि अन्य स्थानीय प्रजातियों के 104 नग पौधों का रोपण (कुल 3,848 नग पौधों) खदान के खुले क्षेत्र में किया जाए। रोपण को सुरक्षित रखने के लिये उपयुक्त एवं समुचित व्यवस्था (जैसा कांटेदार तार की बाड़ अथवा ट्री गार्ड का उपयोग) किया जाए। स्थल उपलब्ध नहीं होने की दशा में संबंधित ग्राम पंचायत द्वारा चिन्हांकित क्षेत्र में आवश्यकतानुसार वृक्षारोपण किया जाए। 5 फीट से 6 फीट ऊंचाई वाले पौधों का ही रोपण किया जाए। उपरोक्त वृक्षारोपण प्रथम वर्ष में पूर्ण किया जाए। वृक्षारोपण नहीं करने पर जारी पर्यावरणीय स्वीकृति निरस्त की जा सकती है।

23. रोपित किये जाने वाले पौधों में संख्यांकन (Numbering) एवं पौधे के नाम का उल्लेख करते हुए जियोटैग (Geotag) फोटोग्राफ्स सहित जानकारी छःमाही प्रतिवेदन के साथ जमा करें।

24. माईनिंग लीज क्षेत्र के अंदर एवं बाहर सघन वृक्षारोपण किये जाने एवं रोपित पौधों का उत्तरजीविता रेट (Survival rate) 80 प्रतिशत सुनिश्चित किया जाए। साथ ही वृक्षारोपण का रख-रखाव आगामी 5 वर्ष तक सुनिश्चित करते हुए मृत पौधों को प्रतिस्थापित (Mortality replacement) किया जाए।

25. किये गये वृक्षारोपण की पुष्टि हेतु डी.जी.पी.एस. (Differential Global Positioning System) सर्वे एवं फोटोग्राफ्स अक्षांशीय विवरण से समर्थित करते हुए छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल एवं एस.ई.आई.ए.ए., छत्तीसगढ़ को प्रेषित किया जाए।

26. परियोजना प्रस्तावक द्वारा 7.5 मीटर प्रतिबंधित क्षेत्र में उत्खनित करने एवं सी.ई.आर. के तहत् प्रस्तावित कार्य सम्पन्न नहीं पाये जाने पर पर्यावरणीय स्वीकृति को निरस्त करने की कार्यवाही की जाएगी।

27. परियोजना के भिन्न-भिन्न स्थानों में यथोचित प्रकाश उपलब्ध होगा, उन स्थानों पर निर्धारित प्रकाश विन्यास की व्यवस्था किया जाए।

28. परियोजना प्रस्तावक द्वारा मिनरल्स कन्सेशन नियम (Minerals Concession Rule) के तहत् बाउण्ड्री पिलर्स द्वारा सीमांकन का कार्य सुनिश्चित किया जाए।

29. परियोजना प्रस्तावक द्वारा तालाब, पोखर, नहर, नदी, नाला एवं अन्य जल निकायों के संरक्षण एवं संवर्धन किया जाए।

30. परियोजना प्रस्तावक द्वारा ध्वनि प्रदूषण के नियंत्रण हेतु आवश्यक उपाय किया जाए। ध्वनि का स्तर उत्खनन क्षेत्र में दिन के समय 75 DB(A) एवं रात्रि के समय 70 DB(A) से अधिक नहीं होना चाहिए। तीव्र ध्वनि वाले क्षेत्रों में काम करने वाले कर्मियों को इयरप्लग/मफ आदि प्रदान किए जाए एवं समय-समय पर चिकित्सकीय जाँच एवं आवश्यकता अनुसार उनका उपचार भी कराया जाए।

31. सक्षम प्राधिकारी / डी.जी.एम.एस. से अनुमति प्राप्त विस्फोटक लाईसेंस धारक (Explosive License Holder) द्वारा सुरक्षित एवं नियंत्रित विधि से ब्लास्टिंग संचालित किया जाए। पत्थर के छोटे-छोटे टुकड़ों (फ्लाई रॉक्स) को उड़ने से रोकने हेतु पर्याप्त एवं सक्षम व्यवस्था किया जाए। वेट ड्रिलिंग अथवा वायु प्रदूषण नियंत्रण व्यवस्था आधारित ड्रिलिंग किया जाए, जिससे धूल का उत्सर्जन नियंत्रण में रहे।

32. उत्खनन प्रक्रिया भू-जल स्तर के ऊपर असंतृप्त क्षेत्र में की जाएगी एवं उत्खनन प्रक्रिया भू-जल स्तर के नीचे किसी भी परिस्थिति में नहीं किया जाए।

33. उत्खनन की प्रक्रिया इस प्रकार सुनिश्चित की जाए कि वनस्पतियों एवं जीव-जन्तुओं पर कम से कम दुष्प्रभाव हो।

34. परियोजना प्रस्तावक द्वारा गौण खनिज का उत्खनन छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम, 2015 के प्रावधानों, अनुमोदित उत्खनन योजना एवं पर्यावरणीय प्रबंधन योजना के अनुरूप किया जाए। माईन्स एक्ट 1952 के प्रावधानों का पालन किया जाए।

35. कार्य स्थल पर यदि लोकल/बाहरी श्रमिक कार्य पर लगाये जाते हैं तो ऐसे श्रमिकों के आवास हेतु उचित व्यवस्था परियोजना प्रस्तावक द्वारा की जाएगी। आवासीय व्यवस्था अस्थायी संरचनाओं के रूप में ही सकती है, जिसे परियोजना पूर्ण होने के पश्चात् हटाया जा सके।

36. श्रमिकों के लिए खनन स्थल पर समस्त मेडिकल चिकित्सकीय सुविधा, पेयजल, टायलेट आदि की व्यवस्था परियोजना प्रस्तावक द्वारा की जाए।

37. श्रमिकों का समय–समय पर आक्यूपेशनल हेल्थ परीक्षण कराना आवश्यक है।

38. उत्खनन की तकनीक, कार्य क्षेत्र एवं अनुमोदित उत्खनन योजना के अनुसार वार्षिक योजना, जिसमें उत्खनन, खनिज की मात्रा एवं उत्पादित सम्मिलित है, में किसी भी प्रकार का परिवर्तन एस.ई.आई.ए.ए. छत्तीसगढ़ / पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार की पूर्व अनुमति के बिना नहीं किया जाए।

39. इस पर्यावरणीय स्वीकृति को जारी करने का आशय किसी व्यक्तिगत अथवा अन्य सम्पत्ति पर अधिकार दर्शाने का नहीं है एवं न ही यह पर्यावरणीय स्वीकृति किसी निजी सम्पत्ति को नुकसान पहुँचाने अथवा व्यक्तिगत अधिकारों के अतिक्रमण अथवा केन्द्र, राज्य एवं स्थानीय कानूनों / विनियमों के उल्लंघन हेतु अधिकृत करता है।

